अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,16 मार्च 2026



## ईद पर काले कपड़े पहनें और काली पट्टी बांधकर पढ़ें नमाज

**रामपुर, अमृत विचार :** जेल में बंद पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने मुसलमानों को संदेश देते हुए कहा कि ईद पर सुन्नी मुसलमान काले कपड़े पहनें और काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ें।



मोहम्मद आजम खां।

शनिवार को जिला कारागार में उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और मुरादाबाद के सपा नेता यूसुफ अली ने आजम खां से मुलाकात की थी। बाहर आकर यूसुफ अली ने आजम खां की ओर से दिए संदेश में बताया कि अमेरिका ने मिसाइल से हमला कर ईरान में स्कूल की 160 बेटियों की हत्या कर दी। इस गम और कृत्य के विरोध में काले कपड़े पहनें। पूर्व मंत्री ने खासकर सुन्नी मुसलमानों का आह्वान किया है कि वह ईद के दिन काले कपड़े पहने और हाथों पर काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज पढ़ें। पूर्व मंत्री का यह संदेश रविवार को पूरे दिन सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा।

# दरोगा भर्ती परीक्षा सकुशल निपटने पर ली राहत की सांस

## मंडल भर के केंद्रों में पुख्ता रहे सुरक्षा के इंतजाम, मुरादाबाद में दोनों पालियों में 8,292 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। दूसरे दिन की प्रथम पाली में 7079 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे और 4183 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं दूसरी पाली में 11280 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7171 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। 4109 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के बाद लौटे अभ्यर्थियों ने बताया कि चारों विषय के सवालों के लिए तीन घंटे का समय कम से कम होना चाहिए था, गणित के सवाल लेंथी थे।

दूसरे दिन आयोजित परीक्षा में कई अभ्यर्थी मौसम की वजह से केंद्रों तक नहीं पहुंच सके। पहली पाली में 4183 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 7171 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 4109 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया।

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि गणित के सवाल अपेक्षाकृत कठिन और लंबे थे, जिनमें कई अभ्यर्थी उलझते नजर आए। वहीं सामान्य ज्ञान के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान रहे, जिससे अभ्यर्थियों को राहत मिली। सन् 2013 में ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिले और राष्ट्रपति के खाली स्थान का कम से कम कितने समय भरना पड़ता है जैसे सवालों को अभ्यर्थियों ने चुटकियों में हल कर दिए। वहीं रीजनिंग के अंग्रेजी के सवालों ने परेशान किया। प्रशासन की ओर से परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सीसीटीवी निगरानी, चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।



मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। • अमृत विचार



संभल में अभ्यर्थी के जूते उतरवाकर जांच करती पुलिस कर्मी।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा से 4052 अभ्यर्थी अनुपस्थित

**संभल, अमृत विचार :** उपनिरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। दो दिवसीय परीक्षा के दौरान कुल 13,440 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4052 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 9388 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। रविवार को दूसरे दिन सुबह करीब 7 :30 बजे से ही सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लग गईं। अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। सुरक्षा कारणों से अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र ले जाने की अनुमति दी गई। इसके अलावा किसी भी अन्य सामग्री को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने पर रोक रही। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों दिन परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। प्रशासन की सख्ती, सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के चलते परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई।

### दूसरे दिन 2461 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिले के 10 केंद्रों पर आयोजित हुई इस परीक्षा में पहली पाली की परीक्षा में 4560 पंजीकृत में से 3330 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि दूसरी पाली में पंजीकृत 4560 में से 3329 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों फलियों में 9120 पंजीकृत में से 6659 ने परीक्षा दी। दोनों फलियां में 2461 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। लगातार सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंदों का दौरा करते रहे। सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से परीक्षार्थियों की निगरानी की गई। अधिकारियों ने भी परीक्षा केंदों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से हर केंद्र पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। परीक्षा कक्षों में भी नकलविहीन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे।

### रामपुर में दोनों दिन नदारद रहे 3099 अभ्यर्थी

**रामपुर, अमृत विचार :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा में दो दिन में पंजीकृत 10560 में से 7461 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि दोनों दिनों में 3099 परीक्षार्थी नदारद रहे। दो पालियों में हुई परीक्षा में कोई नकलची या मुन्ना भाई नहीं पकड़ा गया। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक, जबकि दूसरी पाली अपराह्न 3 से 5 बजे तक हुई। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों के लिए चार पालियों के लिए 10,560 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। रविवार को हुई परीक्षा के लिए पंजीकृत 2640 परीक्षार्थियों के सापेक्ष पहली पाली में 1876 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 762 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2640 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1910 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 730 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि शनिवार को हुई परीक्षा की पहली पाली में 2640 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1781 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 859 अनुपस्थित रहे थे। जबकि दूसरी पाली में 2640 के सापेक्ष 1892 शामिल हुए थे और 748 अनुपस्थित रहे थे।

## युवक ने आम के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दी

संवाददाता, सैदनगर

• ढाई वर्ष पहले पत्नी नाराज होकर चली गई थी मायके

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। ढाई वर्ष पहले पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी। एक माह पहले छोटे भाई ने जान दी थी।

मामला थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। गांव निवासी प्रमोद सैनी(30) की शादी 8 वर्ष पहले बिहार से हुई थी। शादी के बाद दो बच्चे पैदा हुए थे। ढाई वर्ष पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नाराजगी के चलते पत्नी दोनों बच्चों को छोड़कर मायके चली गई। युवक ने पत्नी को वापस लाने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं आई। जिससे प्रमोद काफी परेशान रहता था। रविवार सुबह करीब 9 बजे वह खाना खाकर घर से निकल गया। दोपहर करीब 11 बजे के बाद सैनपुर में आम के बैग में युवक का शव लटका देखा तो सनसनी फैल गई। शव लटके के होने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।



मृतक ओमप्रकाश।

कुछ देर के अंदर ही ग्राम प्रधान नगलिया गफ्फार हुसैन मृतक के परिजनों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक बलराम सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया। ग्रामीणों की मौजूदगी में शव पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले गई। एक माह पहले छोटे भाई ने फंदा लगा जान दी थी। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## राहतः रोटा वायरस के मामले घटे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नए टीकों के शामिल होने के बाद बच्चों में कई गंभीर बीमारियों का खतरा तेजी से कम हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब रोटा वायरस के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गई है और इसकी संख्या घटकर लगभग पांच फीसदी के करीब रह गई है।

जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि जन्म के बाद एक वर्ष की आयु तक जिन बच्चों को निर्धारित समय सीमा के अनुसार सभी टीके लगाए जा रहे हैं और बाद में उनकी बूस्टर डोज भी दी जा रही है, उनमें बीमार पड़ने की दर काफी कम हो गई है। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धि वर्तमान में 85 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि पांच वर्ष पहले यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से भी कम था। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अब टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी टीके लगाए जाएंगे।

## गाय चोरी कर हत्या की आंशका, हंगामा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के थाना शहजादनगर अंतर्गत गांव निपनिया का मझरा में शनिवार रात एक किसान के घर से गाय चोरी हो गई। सुबह जानकारी मिलने पर हड़कंप मच गया। संगठनों ने खानपुर नदी किनारे हत्या करने की आशंका जताई है।



गाय चोरी के बाद हत्या करने का आरोप में हंगामा करते हिंदू संगठन के लोग।

• निपनिया के मझरा में हिंदू संगठनों ने जताया विरोध, कड़ी कार्रवाई की मांग

सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस के प्रति नाराजगी जताई। निपनिया के मझरा गांव निवासी राजपाल ने बताया कि उनकी गायें रोज की तरह घर के बाड़े में बंधी हुई थीं। शनिवार रात अज्ञात चोर बाड़े से एक गाय खोलकर ले गए। रविवार सुबह जब वह पशुओं को चारा डालने पहुंचे तो एक गाय को न देख होश उड़ गए। पीड़ित ने आसपास के खेतों और पड़ोसी गांवों में काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों से जानकारी मिली कि उनकी गाय को खानपुर नदी के किनारे ले जाकर मार दिया गया है। सूचना मिलते ही विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता गांव पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना था कि क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। उन्होंने दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। पीड़ित किसान राजपाल ने थाना शहजादनगर में तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में तीन की मौत, दो गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल

• सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया
• मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**अमृत विचार :** बाइक और स्कूटी की टक्कर से तीन किशोरों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया हे।

बहजोई थाना क्षेत्र में इस्लामनगर रोड पर रविवार शाम करीब 7:30 बजे गांव मिर्जापुर के निकट बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक और स्कूटी चकनाचूर हो गईं साथ ही दोनों वाहनों पर सवार पांच युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। डायल 112 और थाना बहजोई पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने सैफ(18) निवासी मोहल्ला करेशियान, सत्यवीर(18) और इतनी ही उम्र के गजेंद्र निवासी मंडनपुर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल फेथ और आलम खान निवासी मिर्जापुर को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अस्पताल में परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल के बहजोई में सड़क हादसे में 3 की मौत का संज्ञान लिया। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य के निर्देश दिए

## बाउंड्री प्रकरण में प्रशासन पर बढ़ा दबाव, पीछे हटने के मूड में नहीं महापौर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखा, पार्टी के अन्य फोरम पर भी बात रखने पर अडिग

**अमृत विचार :** धीमरी गांव में महापौर की जमीन की बाउंड्री गिराने के प्रकरण में प्रशासन पर दबाव है। महापौर फिलहाल पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को पत्र लिखकर उन्होंने अपनी राजनीतिक व सामाजिक प्रतिष्ठा की दुहाई दी है। दूसरी ओर मानते हैं कि हो सकता है दो दिन बीतने के बाद प्रशासन कोई ठोस हल निकाल ले।

धीमरी गांव में सरकारी स्कूल के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल की जमीन पर की गई बाउंड्री भी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ दी गई है। इसके बाद प्रशासनिक व राजनीतिक हलचल बढ़ गई थी। महापौर ने उसी दिन मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से कड़ी आपत्ति दर्ज कराकर नाराजगी जताई थी। एसडीएम सदर की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर कार्रवाई की मांग की थी। अगले ही दिन डीएम अनुज सिंह ने महापौर की उपस्थिति में पैमाइश कराई। इस बीच महापौर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को पत्र लिखकर बताया कि धीमरी की भूमिधरी में 0.067 रकबाई को उन्होंने बजरिए बैनामा खरीदी थी। तहसील सदर के राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराकर उस पर काबिज हैं। लेकिन 12 मार्च को एसडीएम सदर ने बिना कोई नोटिस दिए उनकी भूमि पर कराई गई बाउंड्री को अवैध तरीके से तोड़वा दिया। जिससे उनकी राजनीतिक व सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को लिखे पत्र में अपने 40 साल के राजनीतिक सफर का उल्लेख भी किया है। महापौर के तेवर देखकर प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। चर्चा है कि महापौर अभी शांत होने के मूड में नहीं हैं। वह पार्टी और सरकार के फोरम पर अपनी बात फिर रख सकते हैं।

## दिन भर छाए रहे बादल बूंदाबांदी व हवा से ठंड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• लोगों की दिनचर्या पर पड़ा मौसम में बदलाव का असर

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवा से लोगों को हल्की ठंडक महसूस हुई। बादलों की गरज भी सुनाई देती रही।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे ठंड बढ़ी। सुबह लगभग 10 बजे के करीब 15 मिनट हल्की बारिश हुई। मौसम में बदलाव का असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ा। दोपहर दो बजे सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो मौसम सामान्य हुआ। वहीं किसानों के लिए यह बारिश कुछ हद तक लाभदायक मानी जा रही है, क्योंकि इससे खेतों में नमी बनी रहती है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव के चलते लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि अचानक बदलते मौसम से सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। वहीं जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव से सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम की ठंडी हवा से बचाव करना चाहिए, हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए।

## 48 घंटे में केस दर्ज न होने पर आंदोलन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि के रूप में सिविल लाइंस थाने पहुंचे युवाओं ने दरोगा भर्ती की 14 मार्च को हुई लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक प्रश्न शामिल करने पर नाराजगी जताई। 48 घंटे में एफआईआर दर्ज न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

रविवार को ब्राह्मण समाज के आक्रोशित युवाओं ने सिविल लाइन पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रश्नपत्र में प्रश्न संख्या एक में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करने को कहा गया था। इसके विकल्पों में पंडित शब्द भी शामिल किया गया था। प्रतिनिधियों ने कहा कि पंडित शब्द एक सम्मानजनक संबोधन माना जाता है। ऐसे में इसे नकारात्मक संदर्भ में प्रस्तुत करना समाज की भावनाओं को आहत करने है। प्रार्थना पत्र देने वाले रजत शर्मा ने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सूर्य शर्मा, विष्णु पंडित, रजत श्रोत्रिय, एडवोकेट अनूप शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, सौरव शर्मा, विकास शर्मा, जय शर्मा, सचिन शर्मा, गौरव शर्मा, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



सिविल लाइन कोतवाली में अधिकारी से वार्ता करते ब्राह्मण समाज के लोग।

• एसआई भर्ती लिखित परीक्षा में आपत्तिजनक प्रश्न के विरोध में उतरा ब्राह्मण समाज

## हत्यारोपी तीन पिता-पुत्रों पर डेढ़ लाख का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• जज के पिता की हत्या के 16 दिन बाद भी आरोपी फरार, पुलिस को नहीं मिली सफलता

**अमृत विचार :** जज के पिता असद की हत्या के 16 दिन बाद भी मामले में मुख्य आरोपी और उसके बेटे की तलाश में पुलिस को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने हत्यारोपी तीनों पिता पुत्र पर 50-50 हजार के इनाम की घोषणा कर दी है। कई टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं, लेकिन हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

नागफनी थाना क्षेत्र के जिगर कॉलोनी निवासी मोहम्मद असद की 27 फरवरी को उसके साले जफर उसके दोनों बेटों और दामाद ने थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में गोलीमार कर हत्या कर दी थी। असद के दूसरे साले की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक अज्ञात समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लोगों आलमगीर और जफर के दमाद फैजान को पहले ही जेल भेज दिया था। लेकिन उसी वक्त जफर, और उसके बेटे हुसैन सैफुल जफर पुलिस की पकड़ से दूर भाग गए। पुलिस की टीमें एक तरफ जहां संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सर्विलांस का भी सहारा लिया जा रहा है। इसके बावजूद अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस को अभी तक आरोपियों के सक्रिय मोबाइल नंबर तक का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी किसी भी प्रकार का फोन इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं और न ही अपने परिवार के लोगों से संपर्क कर रहे हैं। पुलिस की सर्विलांस शाखा भी आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने में अब तक असफल रही है।

## कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, नमाज को लेकर कार्रवाई की मांग

**संभल, अमृत विचार:** धनेटा सोतीपुरा गांव में नमाज अदा करने वालों की संख्या सीमित किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश बाद रविवार शाम ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि अदालत के आदेश और पूर्व राजस्व न्यायालय के फैसले के बावजूद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों ने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करे और आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही मांग की गई कि गांव में किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न होने दी जाए। उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा 25 अप्रैल 2018 को दिए गए आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए।

## समानता व सामाजिक न्याय के संकल्प को बढ़ाएगी सपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती रविवार को जिले में पीडीए दिवस (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के रूप में मनाया। जिला कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि कांशीराम के बताया समानता और सामाजिक न्याय के संकल्प को समाजवादी पार्टी आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जो काम स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और कांशीराम के जीवनकाल में संभव नहीं हो पाया था, उसे अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं। वह दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। प्रदेश में जहां भी दलितों के साथ अत्याचार होता है, उसके विरोध में सपा खड़ी होती है। पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य दलित समाज को यह संदेश देना है कि उनके मुद्दों और आरक्षण की लड़ाई को आगे बढ़ाने का काम अब सपा ही करेगी। इस दौरान कमरे आलम, राबुल पाशा, नवीन यादव, वेद प्रकाश सैनी, आकाश जाटव, प्रो. मनीष जाटव, आदित्य चौधरी, हितेश यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, लाखन सिंह सैनी, नाग भारती, केदार सिंह जाटव, विकास चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कांशीराम के चित्र पर पुष्प चढ़ाते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। • अमृत विचार

• कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाया

### कांशीराम जयंती पर बुद्धा पार्क में माल्यार्पण, संगोष्ठी में याद किए गए उनके विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर संघ ने रविवार को कांशीराम की जयंती पर कांशीराम नगर स्थित बुद्धा पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।आवास विकास स्थित बुद्धि विहार में हुई संगोष्ठी में उनके विचारों को याद कर समाज में समानता एवं एकजुटता पर बल दिया गया। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परमाल सिंह ने कहा कि कांशीराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने दबे-कुचले और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने तथा उन्हें सत्ता तक पहुंचाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। पूर्व अध्यक्ष दौलत सिंह ने कहा कि उन्होंने समाज में राजनीतिक चेतना जगाने के लिए साइकिल यात्राएं कर बहुजन समाज को जोड़ा। महामंत्री डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा कि कांशीराम ने सामाजिक एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। लोगों ने कांशीराम के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मलखान सिंह, मुन्ना लाल, एमपी मौर्य, सत्य प्रकाश सिंह, ओपी . सागर, प्रेम सिंह, मेघराज सिंह, योगराज सिंह आदि मौजूद रहे।





**इफ्तार** 16 मार्च
सुन्नी: 06.27
शिया: 06.39

**सहरी** 17 मार्च
सुन्नी: 05.01
शिया: 04.55

## परशुराम पारायण कार्यक्रम पर विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री अनन्त परशुराम चेतना समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 21वें महाअवतार परशुराम पारायण एवं स्मारिका निग्राचन कार्यक्रम की तैयारियों के लिए रविवार को बाजीगरान मंडी स्थित कार्यालय में बैठक समिति के संयोजक संजय स्वामी की अध्यक्षता में हुई।

22 को सिविल लाइंस स्थित मनोरंजन सदन में कार्यक्रम होगा। समिति के अध्यक्ष अनिमेष शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज को एकजुट करने और भगवान परशुराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

# किल्लत: होटलों- रेस्टोरेंट में जला चूल्हा, मेन्यू में कटौती

## कई होटल गैस की कमी के चलते बड़ी पार्टियों से खींच रहे हाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कोर्ट रोड दुकान पर इंडक्शन पसंद करती महिला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** युद्ध के चलते घरेलू व कामर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के बाद सुचारू रूप से गैस आपूर्ति न होने से लोगों ने अब वैकल्पिक प्रबंध करना शुरू कर दिया है। कई होटल व रेस्टोरेंट में सिलेंडर के साथ ही मिट्टी व लकड़ी के चूल्हे भी जला दिए गए है। कई ने अपने मेन्यू में भी कटौती कर दी है। कई रेस्टोरेंट में सूप की जगह कोल्ड ड्रिंक्स व चाय, काफी परोसी जा रही है। वहीं पिज्जा, मिस्सी रोटी भी सीमित कर दिए गए हैं। हालांकि संचालक नाम न प्रकाशित न करने की शर्त पर स्वीकार कर रहे हैं कि संकट तो है लेकिन खुल कर बोलना उचित नहीं रहेगा।

एक तरफ होटल रेस्टोरेंट संचालक कामर्शियल गैस की सुचारू आपूर्ति न होने से परेशान है तो दूसरी तरफ प्रशासनिक सख्ती के डर से सीधे मुंह खोलने से भी बच रहे हैं। हालांकि उनके प्रतिष्ठान में अब पहले जैसी रौनक नहीं है क्योंकि कई ने अपने मेन्यू में कटौती कर दी है। एक होटल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह 50-100 से अधिक संख्या होने पर हाथ खींच रहे है। क्योंकि होटल बंद करने से बेहतर है कि कुछ कटौती कर ली जाए। सिविल लाइंस स्थित एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि उनके यहां पीएनजी सप्लाई है, फिलहाल तो काम चला रहे हैं लेकिन युद्ध लंबा खिंचा तो अन्य विकल्प सोचना पड़ेगा। हालांकि सरकार गंभीरता से आगे आई है उसके सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

दिल्ली रोड स्थित एक प्रतिष्ठित होटल के मालिक का कहना है कि उन्होंने भी मिट्टी व डीजल से जलने वाला चूल्हा बनवा दिया है। वह बताते हैं कि उनके यहां गैस पाइपलाइन से गैस आपूर्ति फिलहाल तो आ रही है, हालांकि सरकार ने अब कामर्शियल गैस सिलेंडर भी देने के लिए हरी झंडी दे दी है जिससे राहत मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर लोग घरों में पकवान बनाने से पहले सिलेंडर चलने की स्थिति देखकर निर्णय ले रहे हैं। 25 दिन के बुकिंग के नए नियम के चलते वह अपना गैस सिलेंडर बचाकर रखने में लगे है। कई घरों में इंडक्शन चूल्हा खरीदा गया है तो कई के घर में रखा होने पर उसका उपयोग भी अब करना शुरू कर दिए हैं। कहते हैं बिजली का बिल तो भर देंगे, लेकिन गैस खत्म हो जाएगा तो फिर मुश्किल हो जाएगी। अब कई व्यंजनों की फरमाइश पर अल्पविराम लगानी पड़ रही है। वहीं इलेक्ट्रिक आइटम की दुकान पर इंडक्शन की खरीदारी बढ़ गई है तो कई लोगों ने हीटर भी मंगा लिया है।

## युद्ध से निर्यातकों की बढ़ी चिंता, कच्चे माल और समुद्री किराए में भारी उछाल



अमित अग्रवाल।



सुरेश गुप्ता।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भी दिखाई देने लगा है। इस स्थिति से खासतौर पर निर्यातकों की चिंता बढ़ गई है। पीतल नगरी के कई निर्यातकों का कहना है कि बीते करीब 15 दिनों में निर्यात से जुड़े कच्चे माल और परिवहन लागत में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे ऑर्डर पूरे करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। निर्यातकों के अनुसार पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले रॉ मैटेरियल जैसे कार्टन, थर्माकोल, टेप और अन्य पैकिंग सामग्री की कीमतों में अचानक 60 से 70 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई है। इसका सीधा असर उत्पाद की कुल लागत पर पड़ रहा है। इसके अलावा पीतल और एल्युमिनियम की सिल्ली के दामों में भी 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे मेटल इंडस्ट्री के निर्यातकों की लागत और बढ़ गई है। निर्यातकों का कहना है कि सबसे बड़ी परेशानी समुद्री परिवहन को लेकर सामने आ रही है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में अस्थिरता के कारण कंटेनर और जहाज का किराया लगभग दोगुना हो गया है। इससे पहले से तय किए गए ऑर्डर पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। निर्यातक अमित अग्रवाल का कहना है कि पिछले दो हफ्तों में कच्चे माल की कीमतों में अचानक आई तेजी से लागत बहुत बढ़ गई है। पहले लिए ऑर्डर तय लागत में पूरा करना मुश्किल हो रहा है। निर्यातक सुरेश गुप्ता ने बताया समुद्री जहाज का किराया लगभग दोगुना हो चुका है। अगर यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो छोटे और मध्यम निर्यातकों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखना कठिन हो जाएगा।

### प्रति कंटेनर 2.70 लाख रुपये अतिरिक्त शुल्क

निर्यातकों के अनुसार कंटेनर भेजने के लिए अब समुद्री जहाज के सामान्य किराए के अलावा करीब 2.70 लाख रुपये प्रति कंटेनर अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। इससे निर्यात की कुल लागत में भारी बढ़ोतरी हो गई है और कई निर्यातक नए ऑर्डर लेने से भी हिचक रहे हैं।

## बुद्धि विहार में गैस रिफिलिंग के धंधे पर छापा, 19 सिलेंडर और मशीनें बरामद



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पूर्ति विभाग को काफी समय से इलाके में घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध तरीके से कामर्शियल सिलेंडरों में गैस भरने की शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर विभागीय टीम ने बुद्धि विहार क्षेत्र में स्थित प्रिया जनरल स्टोर पर अचानक दबिश दी। छापेमारी के दौरान टीम को मौके से एक दर्जन कमर्शियल गैस सिलेंडर और सात घरेलू गैस सिलेंडर मिले। इसके अलावा गैस भरने में इस्तेमाल होने वाली तीन रिफिलिंग मशीनें और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। टीम ने मौके से सभी सिलेंडर और मशीनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग से न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन होता है, बल्कि इससे आग लगने और विस्फोट जैसी बड़ी दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम व सौहार्द का संदेश देता है होली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रजापति परिवार सेवा संघ की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित
- मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति बोले, मिलजुल कर करे समाज व देश की सेवा



समारोह में पहुंचे मंत्री धर्मवीर प्रजापति का स्वागत करते समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रजापति परिवार सेवा संघ की ओर से रविवार को कंपनी बाग स्थित मनोरंजन सदन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के होमगार्ड विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति रहे। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश देता है। प्रजापति समाज के लोग मिल जुलकर रहें और देश व समाज की सेवा को सदैव तत्पर रहें।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व संगठन के संस्थापक एडवोकेट अर्जुन प्रजापति व अन्य पदाधिकारियों ने आपसी एकजुटता पर जोर देते हुए अपने समाज के लोगों में राजनीतिक चेतना बढ़ाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कहा कि राजनैतिक अधिकार बढ़ने पर हम अपने समाज के विकास को और प्रभावी गति दे सकते हैं। सभी ने एक दूसरे का सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गुन्नौर की चेयरमैन खुशबू प्रजापति, जिला अपर न्यायाधीश कमला प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, कुंदरकी विस के पूर्व प्रत्याशी रहे कमल प्रजापति, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुनील दत्त, श्रीकांत प्रजापति, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप प्रजापति, खिलेंद्र प्रजापति, पुष्पेंद्र प्रजापति, एडवोकेट सोनू प्रजापति, रुबी प्रजापति, मोनू प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डेंटल डॉक्टर्स को इमरजेंसी से निपटने के टिप्स दिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आईडीए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. तमन्ना का व्याख्यान, महिला डॉक्टरों का सम्मान

**अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) मुरादाबाद शाखा की ओर से रामगंगा विहार स्थित एक होटल में कंटीन्यूइंग डेंटल एजुकेशन (सीडीई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. तमन्ना रहीं। उन्होंने दंत चिकित्सकों को क्लीनिक और अस्पतालों में उपचार के दौरान आने वाली विभिन्न मेडिकल इमरजेंसी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान अचानक आने वाली आपात स्थितियों में डॉक्टरों को किस तरह सतर्क रहना चाहिए और मरीज को तुरंत उचित उपचार कैसे दिया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत आईडीए मुरादाबाद शाखा की पूर्व अध्यक्षा डॉ. मनप्रीत ने सभी सदस्यों का स्वागत कर की। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शाखा की महिला सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आईडीए मुरादाबाद की नई वूमेन डेंटल काउंसिल का भी गठन किया गया। डॉ. गगनदीप कौर को वूमेन डेंटल काउंसिल यूपी (डब्ल्यूडीसी) मुरादाबाद की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वूमेन डेंटल काउंसिल यूपी स्टेट की को-चेयरपर्सन डॉ. आस्था सिंह रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूरु सरन ने किया, जबकि सचिव डॉ. रोमिल सिंघल ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. समर्थ, डॉ. केके चौबे, डॉ. रविशंकर, डॉ. वैभव, डॉ. सलमान, डॉ. नितिन, डॉ. मनोज, डॉ. गरिमा, डॉ. रजनी, डॉ. स्वाति और डॉ. अंकित आदि मौजूद रहे।

# सेवा, संस्कार, पर्यावरण व महिला सहभागिता क्षेत्र में किए कार्य गिनाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



प्रांतीय परिषदीय बैठक में सम्मानित पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- भारत विकास परिषद रुहेलखंड पश्चिमी प्रांत की प्रांतीय परिषदीय बैठक व सम्मान समारोह

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद रुहेलखंड पश्चिमी प्रांत की प्रांतीय परिषदीय बैठक व सम्मान समारोह रविवार को रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में लक्ष्य शाखा की ओर से किया गया। इसमें 15 शाखाओं से 100 दायित्वधारी शामिल हुए।

शुरूआत वंदे मातरम से किया गया। इसके बाद शाखा के सदस्यों का परिचय शाखाध्यक्ष ने कराया। इसके बाद शाखा के सचिव ने इस वर्ष किए गए सेवा, संस्कार, पर्यावरण, महिला सहभागिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों को सामने रखा। प्रांतीय संयोजक ने अपने प्रवास के दौरान अनुभव साझा किया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय संयोजक गतिविधि ने कार्य को बेहतर तरीके से करने के बारे में बताया। क्षेत्रीय संयुक्त महामंत्री नरेंद्र अरोड़ा ने सभी की जिज्ञासा का समाधान कर मार्गदर्शन किया। अंत में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष शशि भूषण शास्त्री ने आभार जताया। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा और संचालन प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक संपर्क श्री अजय विश्नोई, क्षेत्रीय संयोजक सेवा निर्मल मेहता, क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण जगन्नाथ चावला, क्षेत्रीय संयोजक महिला सहभागिता कविता खुराना, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व प्रांतीय संरक्षक हरि गोपाल शर्मा, डॉ. एसपी सिंह, विनय मित्तल के साथ ही प्रांत व शाखा के सभी पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# रूप सिंह भारती तीसरी बार निर्विरोध बने प्रांतीय अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अंबेडकर मेमोरियल कमेटी के द्विवार्षिक चुनाव

**अमृत विचार :** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल कमेटी उत्तर प्रदेश के द्विवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट आदित्य कुमार श्रीवास्तव व चुनाव अधिकारी अजय वंश की देखरेख में कराई गई। संगठन की प्रांतीय,जनपदीय और महानगरीय शाखाओं के लिए नामांकन पत्र लिए गए थे। जांच के बाद सही पाए गए प्रत्याशियों को विभिन्न पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

रविवार को चुनाव प्रक्रिया में प्रांतीय कार्यकारिणी में रूप सिंह भारती को लगातार तीसरी बार प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। जबकि वंश बहादुर दूसरी बार प्रांतीय महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। बृजनंदन को प्रांतीय कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मदनलाल सागर, एडवोकेट राजकुमार गौतम और मनमोहन सिंह बने। प्रांतीय उप महामंत्री वीरेश कुमार गौतम, मुन्ना सिंह सागर और राधे कृष्ण निर्वाचित हुए। संगठन प्रचार मंत्री के रूप में शिव स्वरूप सिंह, अनिल कुमार और रामकिशोर वाल्मीकि को जिम्मेदारी दी गई। प्रांतीय सदस्य कार्यकारिणी में हरिओम सागर, बीएम. सिंह, आरपी. सिंह, बी.आर. सागर,डॉ. कैलाश कुमार सहित कई अन्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जनपद शाखा में विशाल कुमार जाटव को जिलाध्यक्ष, श्याम कुमार जाटव को जिला महामंत्री और डॉ. अजय कुमार गौतम को कोषाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. संजीव कुमार और डॉ. रामकृष्ण सिंह निर्वाचित हुए। उप महामंत्री रूपचंद सिंह,पंकज कुमार सागर और सत्यपाल सिंह बने। इसके अलावा अन्य पदों पर भी पदाधिकारी निर्वाचित हुए।

# होली खेल रहे नंदलाल पर झूमे लोग



कायस्थ महासभा के होली मिलन समारोह में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अखिल भारतीय केस महासभा की ओर से गुलजारीमल धर्मशाला में होली मिलन समारोह

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय केस महासभा पंजीकृत के जिलाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में रविवार को गुलजारीमल धर्मशाला में होली मिलन समारोह मनाया गया। इसकी अध्यक्षता दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह आदि ने की। विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव रहे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष गिरिराज स्वरूप भटनागर, प्रांतीय मंत्री राजीव सक्सेना, जिला प्रभारी राकेश भटनागर, संस्थापक सदस्य नरेंद्र प्रसाद सक्सेना, आरके आर्य आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव ने की। होली मिलन समारोह में बच्चों ने विभिन्न गानों पर अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मातृशक्ति ने होली के गीत गाए और फूलों से होली खेली। होली खेले रघुवीरा और होली खेल रहे नंदलाल गानों पर धूम मचाया। कायस्थ समाज के विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान शेखर भटनागर, दीपक शरण, पुनीत सहाय, अभय भटनागर, आशीष सक्सेना, नीतीश सिंह, निवेश भटनागर, विजय सक्सेना, लवीन भटनागर, आदित्य सक्सेना, बबलू श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, संदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# बसौड़ा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, लगी लंबी कतार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



हुल्का माता मंदिर पर दर्शन के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

- कपूर कंपनी स्थित हुल्का देवी मंदिर में सुबह से दर्शन के लिए उमड़े भक्त

**अमृत विचार :** कपूर कंपनी स्थित हुल्का देवी मंदिर में चल रहे बसौड़ा मेले में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और दर्शन के लिए लंबी कतार लग गई। महाराणा प्रताप चौक तक करीब 100 मीटर लंबी लाइन में लगकर श्रद्धालुओं ने अपनी बारी का इंतजार किया और माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

मेले के चलते मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में दिनभर रौनक बनी रही। श्रद्धालुओं ने माता को प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में लगी दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही। बच्चों और महिलाओं ने मेले का आनंद लेते हुए खिलौने, मिठाइयां और पूजन सामग्री की खरीदारी की। मंदिर के महंत नवीन गोस्वामी ने बताया कि बसौड़ा मेले को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मुरादाबाद के साथ ही अन्य जिलों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए आते हैं। रविवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और दिनभर दर्शन का क्रम जारी रहा। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

### बसौड़ा का धार्मिक महत्व

बसौड़ा पर्व माता शीतला की पूजा से जुड़ा हुआ माना जाता है। इन दिनों श्रद्धालु बासी भोजन का भोग लगाकर माता से परिवार की सुख-समृद्धि और रोगों से रक्षा की कामना करते हैं। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बसौड़ा के अवसर पर हुल्का देवी मंदिर में मेले का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## न्यूज डायरी



### गंदे पानी को शुद्ध करने की प्रक्रिया देखी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जंभेश्वर विवि के एमएससी पर्यावरण विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने रविवार को गुलाबबाड़ी स्थित 58 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया। उन्होंने सीवेज शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं,अपशिष्ट जल प्रबंधन व पर्यावरण संरक्षण की जुड़ी तकनीकी जानकारी और प्लांट की कार्यप्रणाली, जल गुणवत्ता मानकों और पर्यावरणीय महत्व को समझा। प्लांट के विशेषज्ञों ने सारी जानकारी दी कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी व रजिस्ट्रार गिरीश द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को ज्ञान मिलता है। निगम की सुपरवाइजर विधि कुमारी तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की टीम ने जानकारी दी।



### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल, क्रेच व डे केयर का 17वां वार्षिकोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर रविवार को आईएमए हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल प्रबंधक संजय चौहान ने किया। पारुल, इल्मा, रिया, हरमीत, तानिया, दीक्षा, जिकरा और स्वेता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। रूद्र, जीविका, मोहिशा, ज्योतिर्मय, आर्यांश, स्टीफन, अयांश और एंजील मसीह ने वेलकम सॉन्ग पर प्रस्तुति दी। भानु प्रताप ने देवा श्री गणेशा पर नृत्य प्रस्तुत किया।

### अधिवक्ता आवरण बने साहित्य सभा के जिला संयोजक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा ने प्रसिद्ध युवा कवि प्रेरक वक्ता अधिवक्ता आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ को मुरादाबाद जिला इकाई का संयोजक बनाया है। वह वर्तमान में दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के संयुक्त सचिव भी हैं। उनका कार्यकाल मार्च 2028 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संस्थापक हास्य-व्यंग्य के अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना और गीत के राजकुमार कहे जाने वाले कवि डॉ. विष्णु सक्सेना हैं। यह संस्था प्रदेश के 75 जिलों में सक्रिय रूप कार्य करते हुए प्रदेश में बोली जाने वालीं भाषाओं के साहित्य और साहित्यकारों को प्रोत्साहन दे रही है।

### सबसे बड़ी माता- पिता की सेवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज दीनदयाल नगर के वार्षिकोत्सव व रजत जयंती महोत्सव में दूसरे दिन रविवार को आचार्य जयेन्द्र शास्त्री ने अपने प्रवचन मे माता पिता की सेवा व सम्मान को सबसे बडी सेवा बताया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि पिता की आज्ञा का पालन कर उन्होंने वनवास भी काटा। भजनोपदेशक संगीता आचार्य ने माता पिता के महत्व पर मार्मिक भजन सुनाए। आर्य समाज दीनदयाल नगर के प्रधान उमेश चंद्र आर्य ने बताया कि सोमवार 16 मार्च को कार्यक्रम का अंतिम दिन है। दोपहर 1:00 बजे तक यज्ञ भजन प्रवचन चलेगा। इसके बाद ऋषि लंगर होगा।



### पंडित पाती राम शर्मा को मिला मुरादाबाद रत्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संगठन कला भारती की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक नेता पंडित पाती राम शर्मा को मुरादाबाद रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्राम लदावली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने पाती राम शर्मा के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला, कहा कि उन्होंने 42 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाई। साथ ही शिक्षक साथियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन में सक्रिय नेतृत्व किया और प्रदेश स्तर पर कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाई। अध्यक्षता करते हुए संजीव आकांक्षी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बालक के जीवन की मजबूत नींव होती है। पाती राम शर्मा ने 42 वर्षों तक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा दी। डॉ. बृजपाल सिंह यादव ने कहा कि पाती राम शर्मा ने अपने जीवन में बनाए गए संबंधों को हमेशा सम्मान और विश्वास के साथ निभाया। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राधेश्याम शर्मा, प्रेमनाथ यादव, पंकज शर्मा, सुरेंद्र सिंह, उषा यादव आदि की मौजूदगी रही।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार,16 मार्च 2026 **मुरादाबाद देहात**

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तेज हवा के साथ बारिश से बढ़ी ठंड

## गेहूं को नुकसान की आशंका से अन्नदाता परेशान, कटाई की कर रहे तैयारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रविवार देर शाम मौसम के अचानक बदले मिजाज ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश से ठंड का एहसास कराया, वहीं खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान होने की आशंका गहरा गई है। मौसम के इस बदलाव से अन्नदाता खासे चिंतित नजर आ रहे हैं।

क्षेत्र के कई गांवों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। इस समय अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल पकने के कगार पर खड़ी है और किसान कटाई की तैयारी में लगे हुए हैं। ऐसे में बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरने की आशंका बढ़ा दी है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, मंत्री हरीराज सिंह, रमनावाला के किसान सरदार हरपाल सिंह, हरदयाल सिह का कहना है कि यदि मौसम खराब रहा या बारिश और ओलावृष्टि हुई तो गेहूं को भारी नुकसान हो सकता है। कई किसानों ने बताया कि फसल लगभग तैयार है और कुछ स्थानों पर कटाई भी शुरू हो चुकी है, इसलिए इस समय बारिश और तेज हवा फसल के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो सकती है। मौसम में आए इस बदलाव से पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिली है।



मलपुरा लक्ष्मीपुर में तेज हवा व बारिश से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### दिन में कई बार रुक-रुक कर हुई बारिश

**कांठ, अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु वर्षा होने से मौसम का मिजाज बदलने का कारण मौसम में सर्दी का एहसास हुआ। रविवार को सूर्योदय के साथ ही मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दिन में कई बार रुक–रुक कर वर्षा होती रही।



वर्षा के चलते सड़क पर कीचड़। ● अमृत विचार

पूरे दिन बादल छाए रहे और आकाश में बादलों की गड़बड़ाहट और बिजली कड़कने की आवाज सुनाई देती रही। ईद की खरीदारी के लिए इन देनों बाजारों में रौनक है लेकिन रविवार को बाजार में सन्नाटा छाया रहा। पुराने रोडवेज पर सड़क चौड़ीकरण के कारण सड़क के दोनों ओर खोदे गए गड्ढे में जल भराव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वाहन फंसकर गिरने से सवार चोटिल हो गए। गेंहू, सरसों की फसल खराब होने की आशंका से किसान परेशान हो उठे।

## आधार कार्ड में फर्जी पता डाल हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ , अमृत विचार:** ग्राम रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद साजिद ने तहरीर दी कि वह अपने पिता के नाम निसार की जगह मोहम्मद निसार करने एवं आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए गांव के अनस के पास गया था। वहां अनस एवं उसका दोस्त साने आलम निवासी मुजफ्फरपुर टांडा मिले। उन्होंने बताया कि नाम अपडेट करके कुछ दिन बाद आधार कार्ड दे देंगे।

कुछ दिन बाद जब वह आधार कार्ड लेने गया तो बताया कि अभी उनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है। 12 मार्च को कांठ में एक साइबर कैफे पर जब उसने पता किया तो जानकारी मिली कि उसका आधार कार्ड में पता गुलाब बाग नियर हरथला रेलवे स्टेशन हरथला कॉलोनी दिखाई दे रहा है, जो फर्जी था। वह शाने आलम के पास पहुंचा तो उन लोगों ने कहा कि फर्जी आधार कार्ड बनाते हैं और उन फर्जी आधारकार्ड से अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवाते हैं। इसके बदले में आधार कार्ड वाले को 2000 रुपये प्रति खाता देते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## 251 बेटियों को दिखाई जाएगी फिल्म केरला स्टोरी 2



बेटियों को जागरूक करते अरविंद गुरु जी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान, मुरादाबाद के तत्वावधान में 17 मार्च को वेव सिनेमा, मुरादाबाद में 251 बेटियों को निःशुल्क फिल्म 'केरला स्टोरी 2' दिखाई जाएगी।

संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी गुरुजी ने बताया कि इसका उद्देश्य बेटियों को जागरूक करना है, ताकि वे समाज में सक्रिय असामाजिक तत्वों की साजिशों से सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि कभी-कभी कुछ शातिर मानसिकता वाले लोग बेटियों को भ्रमित कर उनके जीवन को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में इस फिल्म के माध्यम से बेटियों को जागरूक करने और सही संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

इच्छुक बेटियां मंगलवार की सुबह 12 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। फिल्म का प्रदर्शन दोपहर लगभग 2 बजे से वेव सिनेमा, रामगंगा विहार मुरादाबाद में किया जाएगा। बेटियां दोपहर करीब 1 बजे तक वेव सिनेमा पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। संस्थान ने सभी लोगों से इस जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है।

### न्यूज ब्रीफ

#### शांतिभंग के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शराब पीकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में पेश किया। बिजनौर के थाना स्योहारा के ग्राम मीरपुर निवासी सोमेंद्र एवं रोहतास शनिवार को ग्राम नयागांव चैदरी अकबरपुर निवासी आशु के साथ शराब पीकर गाली गलौंज व मारपीट की। पुलिस ने दोनों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम कांठ के न्यायालय में पेश किया है।

#### रेलवे क्लर्क की बाइक चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** 13 मार्च को रेलवे स्टेशन कांठ में बुकिंग क्लर्क कुलदीप बिश्नोई बाइक से ड्यूटी पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक रेलवे स्टेशन कांठ परिसर में खड़ी कर दी। वहां से बाइक चोरी हो गई। रेलवे थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई।

#### नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र के साथ मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** सैलून पर अपनी दाढ़ी बनवाने अपने पुत्र के साथ गए नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ एक युवक ने दुर्व्यहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं उनके पुत्र के साथ मारपीट भी की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने थाना कांठ में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम शनिवार की शाम अपने पुत्र यावर इकबाल के साथ नगर के मुर्गा मार्केट में मोहल्ला पृथ्वीगंज में स्थित एक सैलून पर दाढ़ी बनवाने गए थे। जहां दानिश निवासी मोहल्ला पृथ्वीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष से गाली गलौज करने लगा। यावर इकबाल ने जब उसे ऐसा करने से रोका तब दानिश ने मारपीट की। पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## पूर्व विधायक के घर क्रिकेटर श्रीसंत व मनन शर्मा का स्वागत



पूर्व विधायक विजय यादव के आवास पर क्रिकेटर श्री संत व मनन शर्मा के साथ लोग।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पूर्व बसपा विधायक विजय यादव के आवास पर रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज श्री सतं और इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ी मनन शर्मा अपने परिवार के साथ पहुंचे। विजय यादव उनकी पत्नी आशा यादव, पुत्र अजय यादव, संजय यादव तथा भाई धर्मपाल यादव सहित परिजनों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।

श्री संत ने युवाओं से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मनन शर्मा ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन और धैर्य बेहद जरूरी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, नगर उपनिरीक्षक सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# बाजारों में भीड़ के चलते लगा जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ईद की खरीदारी को बाजारों मे उमड़े लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे, जिसके कारण मुख्य बाजार समेत कई मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह से ही कपड़े, जूते, सेवइयां, मिठाई और अन्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में उमड़ने लगी। दोपहर होते-होते स्थिति यह हो गई कि बाजार में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दुकानों के सामने लगी भीड़, सड़क किनारे खड़े वाहन और बड़ी संख्या में चल रहे ई-रिक्शों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को जाम में फंसकर इंतजार करना पड़ा।

● **व्यापारियों ने त्योहार के दौरान ई-रिक्शा संचालन पर नियंत्रण की उठाई मांग**

जाम से बचने के लिए कई बाइक और ई-रिक्शा चालकों को गलियों से निकलना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के नजदीक आते ही बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है। लेकिन पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने और बाजार क्षेत्र में अनियंत्रित तरीके से खड़े वाहनों तथा ई-रिक्शाओं के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए। साथ ही बाजार के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में ई-रिक्शा संचालन पर नियंत्रण तथा अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

## फोटो वायरल करने की धमकी दे किया दुष्कर्म

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से बरौली रुस्तमपुर खास निवासी अंकित से दोस्ती हुई थी। अंकित ने उसे आठ माह पहले मुरादाबाद के एक होटल में मिलने के लिए बुलाया जहां उसने उसके साथ संबंध बनाए।

युवती ने आरोप लगाया कि इसी दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो खींच लिए, इसके बाद वह लगातार उसे ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी दौरान आरोपी अंकित का ममेरा भाई रोहित ने अश्लील फोटो दिखाकर उसे ट्यूबवेल पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि रोहित ने घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## शोभायात्रा में होंगी एटा और इस्लामनगर की झांकियां



नगर मेला कमेटी की बैठक में बोलते केके गुप्ता। ● अमृत विचार

**बिलारी, अमृत विचार:** मेला कमेटी की बैठक में अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि पहले दिन गांधी पार्क से मां दुर्गा का सिंहासन निकाला जाएगा। 27 मार्च को शोभायात्रा शाम चार बजे मंदिर गमादेवत से आरम्भ होकर मंदिर पौड़ा खेड़ा में लगे मेला रामनवमी में जाकर सम्मिलित हो जाएगी। नितिन गुप्ता, के के गुप्ता आदि ने बताया कि शोभायात्रा में श्री खाटू श्याम, महाकाल के अलावा एटा और इस्लामनगर की झांकिया होंगी। सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान,दुष्यंत चौहान, शेखर गोयल ने भी जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन उनके साथ रहेगा। सुरेंद्र कुमार चुग, अजय अग्रवाल एडवोकेट, विशाल गुप्ता, सलीम अहमद, मनोज, गिरीश, घनश्याम गुप्ता, आकाश बंसल, दिनेश, ब्रजरतन, राजेश व अन्य मौजूद रहे।

## पंडिया गांव में जमीन के विवाद में कई लोग जख्मी

**कुंदरकी, अमृत विचार:** पंडिया गांव में रविवार सुबह जमीन के पुराने विवाद में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने ईंट-पत्थर और लाठियां चलाईं।

पुलिस के अनुसार, एक पक्ष जमीन किसी तीसरे व्यक्ति को बेचने पर अड़ा था, तो दूसरे पक्ष ने उसे अपने कब्जे में लेने का दबाव डाला। सुबह लगभग 8 बजे दोनों गुट आमने-सामने हो गए। बहस जल्द ही हाथापाई में तब्दील हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में सलीम पुत्र शकील और मुशर्रफ पुत्र भूरे सहित कई लोग बुरी तरह घायल हुए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर जाकर हालात नियंत्रित किए और जमीन की जुताई की जानकारी ली। साथ ही, मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# लोदीपुर धाम में 18 को लगेगा मेला

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** बिश्नोई समाज की आस्था का प्रतीक लोदीपुर धाम का 495 वां वार्षिक उत्सव चैत्र अमावस्या पर 18 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पूर्व 17 मार्च को गुरु जंभेश्वर शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी।

शोभा यात्रा गुरु जम्भेश्वर मार्ग, हरथला होते हुए लोदीपुर धाम तक जाएगी। इसमें प्रथम बार नगीना का अखाड़ा सम्मिलित होने जा रहा है। सायं काल संत समाज के कर कमलों द्वारा मन्दिर पर ध्वजा रोहण किया जाएगा। रात लगभग 8 बजे आरती, जागरण, संत प्रवचन, कीर्तन, संतों और अतिथियों का सम्मान होगा। 18 मार्च, सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक महायज्ञ, और पाहल का वितरण होगा। अखण्ड ज्योति दर्शन पर्यावरण गोष्ठी, का आयोजन किया गया है।



लोदीपुर धाम। ● अमृत विचार

● **17 मार्च को गुरु जंभेश्वर शोभायात्रा निकाली जाएगी**

बिश्नोई सभा के पदेश अध्यक्ष संजय सिंह, एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि बिश्नोई धर्म के संस्थापक गुरु जंभेश्वर महाराज ने मानव-समाज को सच्चा मनुष्य बनने की शिक्षा दी। गुरु जी ने लोदीपुर धाम में खेजड़ली का वृक्ष लगाया था जो आज भी पर्यावरण के प्रति समाज को जागृत कर रहा है। शोभा यात्रा की व्यवस्था विवेक बिश्नोई द्वारा की जा रही है।

### लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 15 ट्रेनों का होगा ठहराव

चैत्र अमावस्या मेले के दौरान मुरादाबाद रेल मंडल के लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 15 महत्वपूर्ण ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। यह ठहराव दो दिन 17 और 18 मार्च के लिए होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए है। अप दिशा में आठ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव होगा। इनमें लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस (15011), बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस (15315) और लालकुआं-आनंद विहार एक्सप्रेस (15059) प्रमुख हैं। बरेली-भुज आला हजरत एक्सप्रेस (14311), बरेली-भुज एक्सप्रेस (14021) और बापू धाम मोतिहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस (14009) भी यहां रुकेंगी। लखनऊ-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस (22453) और बरेली-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन (54075) को भी ठहराव मिलेगा।

## भावना भारत गैस सेवा की संचालिका ने एजेंसी की सरेंडर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के काशीपुर चुंगी स्थित भावना भारत गैस सेवा की संचालिका राम सखी देवी ने गैस एजेंसी के संचालन से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र भेजकर डिस्ट्रीब्यूटरशिप से स्वयं को मुक्त किए जाने का अनुरोध किया है।

पत्र में राम सखी देवी ने बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कहा है कि वह अब गैस एजेंसी का संचालन करने में सक्षम नहीं हैं। बताया गया है कि इस पत्र की प्रतिलिपि एलपीजी प्लांट लोनी के क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला पूर्ति अधिकारी मुरादाबाद तथा कंपनी के बिक्री अधिकारी को भी भेजी गई है।

● **अधिकारियों को लिखे पत्र में उम्र और अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया**

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले गैस वितरण में कथित अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने गैस एजेंसी के गोदाम को सील कर दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ठाकुरद्वारा के पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह और बिक्री अधिकारी प्रदीप उपाध्याय की टीम ने शनिवार को गोदाम पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। बिक्री अधिकारी प्रदीप उपाध्याय ने बताया कि संचालिका का पत्र कंपनी के उच्च अधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया है और आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गौ सेवा से आती है सुख-समृद्धि

**सुरजन नगर, अमृत विचार :** ग्राम पाडला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन कथावाचक आचार्य सत्य देवानंदने कहा कि कलयुग में भगवान की कथा का श्रवण ही मनुष्य को भवसागर से पार लगाने का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है। कथा सुनने और भगवान का स्मरण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गौ सेवा को सर्वोत्तम पुण्य कार्यों में माना गया है। गाय की सेवा करने से 33 कोटि देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और धन-धान्य की वृद्धि होती है। गौ सेवा से मनुष्य के भीतर करुणा, विनम्रता और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है तथा जीवन की दरिद्रता और कष्ट दूर होते हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# कांशीराम का जीवन संघर्ष और त्याग की मिसाल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती सादगी के साथ मनाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित, शोषित और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना बहुजन समाज को संगठित करने का कार्य किया। उनके प्रयासों से देश की राजनीति में बहुजन समाज को नई पहचान और सम्मान मिला। कांशीराम का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय की मिसाल है। रईस गौतम, ठाकुर प्रसाद, ब्रह्मपाल, हर्षवीर, इरफान, रवि किशोर, सरताज सिंह, जयदीप कुमार, प्रेम किशोर, पप्पू सिंह और आसिफ खान आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने कांशीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



काशीराम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सपाइयों ने मनाई कांशीराम की जयंती

**बिलारी, अमृत विचार :** कांशीराम की 92वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र के करसरा गांव में कार्यक्रम में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि कांशीराम ने समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्गों को जागरूक करने का काम किया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर उन्हें उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव रेहान पाशा, जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, फाजिल मलिक, नेम सिंह जाटव ग्राम प्रधान, धर्म सिंह जाटव पूर्व प्रधान, लवलेश कुमार जाटव, करण सिंह जाटव, राजाराम जाटव, काशीराम जाटव, डालचंद यादव, त्रिवेंद्र यादव, राजेश प्रजापति व अन्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते विधायक फहीम इरफान।

### कांशीराम के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**बिलारी,अमृत विचार :** अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अंबेडकर संघ की बैठक में काशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने समाज में फैली कुरीतियां छुआछूत ऊंच नीच तथा अस्पृश्यता एवं शोषण को खत्म करने का प्रयास जीवन भर किया। डॉ जगतपाल सिंह, डॉक्टर कुंवर सिंह,लाल सिंह गौतम, हरिशंकर बौद्ध, प्रेम किशोर, डॉक्टर विजयदीप, जयवीर सिंह जाटव,शेर सिंह राणा, राहुल कुमार, मुन्ना सिंह,राम अवतार,मनोज कुमार, डॉ ओम प्रकाश,विजय पाल, अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह तथा संचालन डॉक्टर कुंवर सिंह ने किया



**इफ्तार** 16 मार्च
सुन्नी : 06.27
शिया : 06.35

**सहरी** 17 मार्च
सुन्नी : 04.51
शिया : 04.52

## सिटी ब्रीफ

### युवक की काशीपुर में सड़क हादसे में मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** हादसा उधम सिंह नगर के काशीपुर के पास हुआ। अजीम नगर थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी रामपाल मजदूरी करने के लिए काशीपुर एक फैक्ट्री में जाता था। उसके साथ छोटा भाई और चाचा भी मजदूरी करते थे। रविवार सुबह तीनों मजदूरी करके बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही तीनों काशीपुर से निकले तो सामने से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गए। जबकि डंपर चालक अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। रास्ते में रामपाल(35) की मौत हो चुकी थी। दोनों घायल नंदकिशोर और रामलाल को अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### चारा काटने वाली मशीन से कटी बालक की उंगली

**मिलक, अमृत विचार :** चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आने से 5 वर्षीय बालक की उंगली कट गई। गंभीर हालत में मासूम को नगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के पिपला शिवनगर गांव निवासी दिनेश का पांच वर्षीय पुत्र दिव्यांश शनिवार शाम घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते समय उसका बायां हाथ पास में रखी चारा काटने की मशीन में आ गया। जिससे उसके बाएं हाथ की उंगली कटकर अलग हो गई। गंभीर हालत में बच्चे को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

# ऑल इंडिया हॉकी में बेटियों ने दागे दे दनादन गोल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रही प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** एएफएफ ऑल इंडिया यूथ स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मिलक के गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में मेजर ध्यानचंद सेवन-ए-साइड ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता चल रही है। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों की बालिकाओं की 18 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

दूसरे दिन के खेलों में रामपुर इंटरनेशनल स्कूल की अंडर 14 बालिकाओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने देश की शीर्ष चार टीमों में शामिल होकर विद्यालय और जनपद का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में ग्लोबल इंटरनेशनल टीम रामपुर का सामना बिहार (पटना) की टीम से हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। जिसके बाद मैच का निर्णय शूटआउट के जरिए लिया गया। बेहद रोमांचक शूटआउट में बिहार की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की। भले ही ग्लोबल रामपुर की टीम फाइनल में जगह नहीं बना सकी, लेकिन देश भर के दिग्गज टीमों के बीच सेमीफाइनल तक का सफर तय करना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर ताबिश आजाद और प्रिंसिपल डॉ. अतीबा कमर ने बधाई देते हुए कहा, हमारी छात्राओं ने मैदान पर जो जज्बा दिखाया वह काबिले तारीफ है।

## जंग छिड़ने पर सरकार ने कामर्शियल सिलेंडर पर लगा दी थी रोक

# राहतः कामर्शियल सिलेंडर की बिक्री के लिए हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईरान, अमेरिका और इजराइल जंग के बावजूद सरकार ने कमर्शियल गैस की बिक्री के लिए हरी झंडी दे दी है। कामर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने की खबर से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने कारोबार बंद करने का मन बना लिया था। कुछ ने लकड़ी के चूल्हे और कोयले की भट्टियों पर काम करना शुरू कर दिया था।

लेकिन अब घरेलू गैस के साथ कमर्शियल गैस भी उपभोक्ताओं को मिलने लगी है। कुछ जगह गैस एजेंसी संचालक गैस देने में टाल-मटोल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति काम कर गई, ईरान ने फारस की खाड़ी से भारतीय जहाजों को गुजरने के लिए हरी झंडी दे दी है। भारत सरकार ने पिछले आठ दिन से कामर्शियल सिलेंडरों पर लगी रोक हटा ली है। इससे होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत मिली है। रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को घरेलू गैस वितरित की गई। गैस मिलने से महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। मुन्नी देवी ने बताया कि पिछले तीन दिन से गैस खत्म होने से काफी परेशानी हो रही थी लेकिन, आज उन्हें गैस सिलेंडर मिल गया है। नवनीत कौर ने बताया कि उन्होंने कई दिन पहले गैस बुक कराई थी लेकिन, रविवार को ओटीपी आने के बाद उन्होंने सिलेंडर ले लिया।



गैस सिलेंडर ले जाते उपभोक्ता।



एजेंसी से गैस सिलेंडर ले जाती महिलाएं।

### कामर्शियल सिलेंडरों की किल्लत से भोजनालय में भट्टी पर बन रहा खाना



**बिलासपुर, अमृत विचार :** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत ने रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने वाले सामाजिक संस्थानों की कमर तोड़ दी है। नगर के प्रसिद्ध भगवान महावीर अन्नपूर्णा भोजनालय में लकड़ी की भट्टी पर खाना पकाया जा रहा है। संसाधनों की कमी का सबसे बड़ा असर भोजनालय के मेन्यू पर पड़ा है। यहां से फिलहाल रोटी पूरी तरह गायब हो गई है। बीते जून माह से संचालित इस भोजनालय में रोजाना सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता रहा। संचालकों के अनुसार लकड़ी की भट्टी पर बड़ी संख्या में रोटियां बनाना बेहद कठिन काम है। इस मजबूरी के कारण वर्तमान में ग्राहकों को केवल दाल, चावल और सब्जी ही परोसी जा रही है। सिर्फ अन्नपूर्णा भोजनालय ही नहीं, बल्कि शहर के कई अन्य होटल भी अब पुराने दौर की तरह लकड़ी और कोयले के चूल्हों पर निर्भर हो गए हैं।

# गरज के साथ बरसे बादल, तापमान गिरा

## तेज हवाओं से कई क्षेत्रों की बिजली बाधित, मसवासी के 32 गावों में बिजली गुल, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह आसमान में काली घटाएं घिर आईं और गरज के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई और मसवासी शहर समेत मसवासी क्षेत्र के 32 गांवों में बिजली ठप हो गई। बारिश से सर्दी का अहसास बढ़ गया और रोजेदारों को बड़ी राहत मिली। बारिश से पारा लुढ़क गया न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया शनिवार तक गरमी बढ़ गई थी, लेकिन रविवार को बारिश होने से मौसम में ठंडक आ गई। लोगों ने सर्दी से बचने के लिए गरम कपड़े पहने और घरों में पंखे भी बंद हो गए। बारिश होने से शहर के कई मोहल्लों की बिजली ठप हो गई। सुबह से दोपहर तक लाल मस्जिद, नालापार, कलघर, चिरान, बजरिया मुल्ला जरीफ, जेल रोड, गुइया तालाब पर बिजली ठप हो गई। दोपहर में बारिश रुकने के बाद विद्युत व्यवस्था सुचारू हुई। मसवासी संवाददाता के मुताबिक रविवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच दढ़ियाल-मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत चाउपुरा, भूबरा, बिजारखाता, रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, खुशहालपुर, मानपुर, मंसूरपुर, सेमरा, लाडपुर, करीमपुर, मिलक नौखरीद, हसनपुर उत्तरी, पट्टी कला, घोसीपुरा, धर्मपुर उत्तरी, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी, लोहार इनायतगंज, खानपुर उत्तरी, मोतीपुरा, गागन नगली, नरपत नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रही जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा साथ ही रोजेदारो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्रेकडाउन दूर करने के लिए बिजली कर्मियों ने हाई टेंशन लाइन पर पेट्रोलिंग की और दढ़ियाल के निकट एचटी खंबे पर फाल्ट को सही किया गया। उधर अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की एचटी लाइन के खंभे से फॉल्ट दुरुस्त कर दिया गया है। बिजली आपूर्ति शीघ्र ही चालू कर दी जाएगी।

**हाल-ए-मौसम**
अधिकतम तापमान- 29डिग्री से.
न्यूनतम तापमान- 16 डिग्री से.
आद्रता- 73 प्रतिशत
वायु वेग- 11 किमी. प्रतिघंटा

> रामपुर, अमरोहा, संभल और मुराबाद में गर्जन के साथ वर्षा होने का अनुमान है। आकाशीय बिजली गिर सकती है और अचानक तेज हवा चलने की संभावना है।
> – डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।



बारिश में लोहे का सामान भरकर ले जाता रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

# बजरंग दल ने की कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, मसवासी

- टांडा-बाजपुर मार्ग पर गंदगी से लोग परेशान

**अमृत विचार :** टांडा-बाजपुर मार्ग के किनारे नरपत नगर दूंदावाला नगर पंचायत का कूड़ा पड़ा होने से भड़के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को हंगामा किया। मार्ग के किनारे कूड़ा फेंकने वाली नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ टांडा बाजपुर मार्ग शेखूपुर के निकट पहुंचे मार्ग के किनारे नगर पंचायत नरपत नगर का कूड़ा कचरा पड़ा होने पर भड़क गए। उन्होंने नगर पंचायत के खिलाफ हंगामा कर प्रशासन से नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी नगर पंचायत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस मार्ग से पर्यटक और चार धाम जाने वाले तमाम श्रद्धालु नैनीताल समेत अन्य शहरों को गुजरते हैं, जिससे उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी सड़कों के किनारे कूड़ा फेंक कर वातावरण को दूषित कर रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से कूड़ा फेंकने वाली नगर पंचायत और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हंगामा करने वालों में संजय पाल, आकाश मौर्य, कपिल कश्यप, मुकेश मौर्य, सुनील चंद्र आदि शामिल रहे।



हंगामा करते बजरंग दल कार्यकर्ता।

# पीलीभीत जा रहे कांग्रेसी हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पीलीभीत के पूरनपुर निवासी मैनेजर हर्षित मिश्रा की हत्या की वास्तविक स्थिति जानने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूर्व विधायक संजय कपूर के नेतृत्व में पीलीभीत जा रहे 14 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने सोमवार को राहे रजा स्थित पूर्व विधायक के कैंप कार्यालय पर हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और सरकार सच्चाई सामने आने से डर रही है।

कांग्रेसी सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पीलीभीत जा रहे थे। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हर्षित जैसे युवा अधिकारी की निर्मम हत्या पूरे प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रतिनिधिमंडल केवल पीड़ित परिवार से मिलकर सच्चाई जानना चाहता था, लेकिन सरकार ने हमें रोककर यह साबित कर दिया है कि वह सच को सामने आने नहीं देना चाहती। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाने की यह कोशिश बेहद निंदनीय है।

जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि प्रदेश की सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय सच जानने वालों को ही नजरबंद कर रही है। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करने के बाद बसपा के संस्थापक कांशीराम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर शहराध्यक्ष बाकर अली खान, नोमान मुमताज़ खां, सरदार गुराबाज सिंह संधू, हार्पिन्दर सिंह, सरदार चरण सिंह, दीप सिद्धू, राजेश कुमार लोधी, जिवेन्दर श्यामपूर, जयदीप द्विवेदी, शानू खां, कपिल चौधरी, दुर्गेश मौर्य, मोईन पठान एडवोकेट, रियाज अहमद, जिवेन्दर गंगवार तिराहा शकील मंसूरी, मोहम्मद जकी, असलम जावेद, चितरंजन प्रसाद, जमील मियां, अजीब सिंह, इमरान अली, डॉ. जफर, भूरा खां, शाहवेज, जुनैद शन्नू, शाहवेज खान, रामकिशोर लोधी, शिशुपाल लोधी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



राहे रजा स्थित कैंप कार्यालय पर हाउस अरेस्ट कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जा रहे थी पीलीभीत

## गेहूं और मक्का की खरीद एमएसपी पर की जाए सुनिश्चित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को प्रदेश सचिव मंजीत सिंह अटवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों ने गेहूं और मक्का की फसल के उचित दाम दिलाने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

नेताओं ने कहा कि वर्तमान में गेहूं का निजी बाजार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी से नीचे चल रहा है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन समय रहते पर्याप्त संख्या में सरकारी क्रय केंद्र स्थापित करें। बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर फसल बेचनी पड़ती है जबकि तहसील में रकबा काफी अधिक है। पिछले वर्ष उन्हें मक्का की फसल में काफी नुकसान उठाना पड़ा था। बैठक में इकबाल सिंह, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू, हरभजन सिंह, रणदीप सिंह, ऊधम सिंह, सरदूल सिंह, गुरप्रीत अटवाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा राज में सीमाएं सुरक्षित, समृद्ध हो रहा भारत



महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित करते शहर विधायक आकाश सक्सेना व अन्य लोग।



प्रशिक्षण शिविर के दौरान मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सिविल लाइंस मंडल के प्रशिक्षण शिविर में बोले शहर विधायक

**अमृत विचार :** रविवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर सेवर कार्यालय में सिविल लाइंस मंडल का प्रशिक्षण शिविर हुआ। इसका आरंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, जागेश्वर दयाल दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया।

शहर विधायक ने कहा कि भाजपा के राज में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत आर्थिक रूप से भी समृद्ध हो रहा है। इसके पीछे हमारे नेताओं और पदाधिकारियों के साथ ही बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत छिपी है। कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली अन्य दलों से अलग है, क्योंकि यहां संगठन और सिद्धांतों को सर्वोपरि माना जाता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को उनके संगठनात्मक दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल अध्यक्ष अन्नू सक्सेना, अतर सिंह लोधी, प्रमोद कुमार, हिमांशु सक्सेना, गोपाल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण में जुटे भाजपाई

**सैफनी, अमृत विचार :** भाजपा के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण का रविवार को रूपपुर गांव के एसपीएस इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। दो दिनों तक चले इस गहन प्रशिक्षण शिविर में शक्ति केंद्र स्तर से लेकर मंडल और जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभारी भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता रहे तथा संचालन भाजपा के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान कार्यक्रम की जिम्मेदारी रोहित कुमार, विमल जोशी ने संभाली और संयोजक परमल सिंह रहे। इस दौरान उपाध्यक्ष संजय चौधरी, अशोक बिश्नोई, नरेश शर्मा, सुमित भटनागर, अमित चंद्रवंशी, अनूप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## साहित्यिक मंच

**संस्कृति एवं विकास मंच के तत्वावधान में हुआ हास्य कवि सम्मेलन**

# सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संस्कृति एवं विकास मंच के तत्वावधान में होली एवं नवसंवत्सर के अवसर पर ज्वालानगर लोहिया पार्क में आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने श्रोताओं को काव्य रस के अलग-अलग रंगों से सराबोर किया। बाराबंकी के हास्य कवि विकास बौखल को किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाए-सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। इन पंक्तियों पर खूब वाह-वाही मिली। -

कवि सम्मेलन का आरंभ पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना और जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने किया। विकास बौखल के संचालन में हुए कवि सम्मेलन का प्रारंभ नेहा शर्मा नमन की सरस्वती वंदना से हुआ। उसके बाद लखनऊ से आए हास्य व्यंग्य कवि सौरभ जायसवाल ने कहा कि - दोस्ती के जुनून पर नहीं गये, जमीं पर रहे, मून पर नहीं गये। कहीं पहाड़ी से, दे न दे धक्का, इसी डर से हनीमून पर नहीं गये। भोपाल से आए प्रसिद्ध गीतकार डॉ. संजय सिंह बाबू जी के गीतों ने सारे सदन में सन्नाटा भर दिया। सारे सदन की आंखे नम हो गयीं जब उन्होंने सुनाया कि सच बात पूछती हूं- बताना न बाबू जी। छिपाना न बाबू जी, क्या याद मेरी आती है। दिल्ली की ओज व वीररस की कवयित्री नेहा नमन शर्मा ने कहा- राम तन, राम मन, राम जी है धन, हर घड़ी, हर पल, राम को नमन।

पूजा सक्सेना आशु गुप्ता अंजीत राय, पीयूष, राजीव लोचन, भारत भूषण गुप्ता, कृष्ण अवतार लोधी, पंकज अग्रवाल, अनिल सक्सेना, सुभाष सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, विक्की सक्सेना, श्वेता सक्सेना, पारुल अग्रवाल, राजीव मांगलिक, प्रमोद सक्सेना, अन्नू सक्सेना, दिनेश सक्सेना, देवेश गुप्ता, मुकेश सक्सेना, आशीष जौहरी, मुकेश पाल सिंह, राजेश लोधी, आशु गुप्ता, योगेन्द्र सिंह चौहान, रमेंद्र गुप्ता, अवधेश शर्मा, अनुज सक्सेना, अंजुम सक्सेना, सचिन सार्थक आदि उपस्थित रहे।



डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को साहित्य रत्न से सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार



हास्य कवि सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### रचनाकारों को मिली साहित्य भूषण व साहित्य श्री उपाधि

रामपुर के तीन रचनाकारों रवि प्रकाश अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा चंदन, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को साहित्य भूषण एवं तीन रचनाकारों ओम कार सिंह विवेक, सुरेंद्र अश्क रामपुरी और राम किशोर वर्मा को साहित्य श्री उपाधि से सम्मानित किया गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से वसूली का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर पंचायत मसवासी के मुख्य चौराहे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य भारी वाहनों से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है।

नगर पंचायत के सभासद अनिल कुमार, मोहम्मद इरशाद अंसारी और जितेंद्र चंद्रा, कुलदीप कुमार, मो. ओवैस ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि मसवासी चौराहे पर प्रतिदिन भारी वाहनों के खड़े होने का फायदा उठाकर कुछ दबंग लोग जबरन वसूली करते हैं। यदि कोई वाहन चालक या मालिक पैसे देने से इनकार करता है, तो दबाव बनाकर भुगतान करवा लिया जाता है। इससे वाहन चालकों, व्यापारियों और आम लोगों में रोष फैल गया है। एसडीएम अमन देओल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की आरोपी की पहचान की जा रही है।

# जिले में पर्याप्त संख्या में बनाए जाएं गेहूं क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ग्राम सनकरा में हुई किसान पंचायत में बोले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनीफ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत रविवार को ग्राम सनकरा में हुई। पंचायत में प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसान मायूस न हो अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहे। जिन फसलों में नुकसान हुआ है अपनी फसलों के लिए तहसील से संपर्क करें।

उन्होंने कहा कि जिले में बनाए गए गेहूं क्रय केंद्र पर्याप्त नहीं है किसानों को परेशानी होती है गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। पंचायत में कहा कि सरकार द्वारा एसपी पर खरीद की जाने का लक्ष्य जो दिया जाता है उसमें छोटा मझोला किसान लाभ नहीं ले पता है। भारत सरकार ने अमेरिका से जो समझौता किया उसकी वजह से गेहूं के किसान मायूस हैं। मार्केट में गेहूं सस्ता है किसानों को अपने आप और अपने परिवार को बचाने के लिए एकजुट होकर किसान विरोधी ताकतों से लड़ना होगा। कहा कि 30 मार्च को बरेली कमिश्नरी में महापंचायत होगी। पंचायत की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल करेंगे। किसानों का आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान बरेली पहुंचे। शाहनवाज खान, शराफत अली, श्याम मोहन पांडे, सूरजपाल, जमुना प्रसाद, अली अहमद, फरजाना अली, इलियास अहमद, नन्हें, रामचरण देवी, करीमुद्दीन, रोशन लाल, नूर हसन, महफूज अली, मुराद खान आदि मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता फरहत अली खान ने जबकि, संचालन सैयद जमाल आरिफ मियां ने किया।

# कांशीराम ने जगाई सामाजिक न्याय, समानता की अलख

## जिले भर में कई जगह मनाई गई बहुजन समाज के महानायक कांशीराम की जयंती

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** काशीपुर स्थित पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद निरंकारी के आवास पर बहुजन समाज के महानायक, प्रखर समाज सुधारक एवं बहुजन आंदोलन के शिल्पकार कांशीराम की जयंती मनाई गई। पूर्व बसपा नेता सहित अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

एडवोकेट प्रमोद निरंकारी ने कहा कि कांशीराम जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और स्वाभिमान की जो अलख जगाई, वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व बसपा नेता ने उनके संघर्षों और विचारों को याद करते हुए कहा कि कांशीराम जी ने संगठन की ताकत को पहचानते हुए बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके प्रयासों से समाज के वंचित वर्गों को अपनी आवाज़ और पहचान मिली। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे कांशीराम जी के बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते रहेंगे। अंत में सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सोनू सागर, हिमालय गौतम, प्रदीप कुमार एडवोकेट, हरिप्रसाद, अमित कुमार, अर्जुन सागर, दलीप सिंह, संजय कुमार, छत्रपाल, अशोक सागर, दानिश अली, आदिल, रोहित प्रभाकर, सुनील कुमार, करण सिंह, मुकेश, दिनेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


कांशीराम की जयंती पर श्रद्धांजलि देते पूर्व बसपा नेता व अन्य लोग। ● अमृत विचार

● **लोगों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

### राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ ने मनाई कांशीराम की जयंती



**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार को राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के तत्वावधान में मोहल्ला कायस्थान में बहुजन नायक कांशीराम की 96वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने की। पदाधिकारियों ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान और उन्हें राजनीतिक पहचान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को संघ की विचारधारा से जोड़ें और संगठन की सदस्यता दिलवाएं। इस मौके पर कुलदीप वाल्मीकि, ओविंदर गंगवार, आदर्श, समर, रुद्राक्ष, सम्राट, रागिनी वाल्मीकि, भावना चौहान, जस्सी चौहान, प्रीत वाल्मीकि, रुवि अंसारी, मोनिका देवी, संगीता देवी, जूही, आस्था, विधि, गुड्डन, लक्ष्मी प्रजापति, सीमा सैनी, रिया कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### शोषित वर्ग के उत्थान को समर्पित किया जीवन



**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को मिस्टनगंज स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर कांशीराम की जयंती मनाई गई। सभा में सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सपाइयों ने कांशीराम के जीवन एवं समाज के प्रति उनकी अभूतपूर्व सेवाओं को याद किया। सपा के नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा ने कहा कि कांशीराम जी इतिहास पुरुष थे, जिन्होंने दबे कुचले तथा शोषित वर्ग विशेष रूप से दलितों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने 1978 में बामसेफ बनाकर दलित समाज के सभी शिक्षित वर्ग को एकत्रित किया। आसिम राजा ने कहा कि दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के सभी ऐतिहासिक महापुरुषों ने शिक्षा को ही क्रांति का मुख्य स्रोत कहा है और उसी के लिए जीवन भर प्रयास किये है। कहा कि कांशीराम का मिशन आज भी समाजवादी पार्टी पूरे दमखम से लेकर चल रही है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं पार्टी के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ नेता एवं शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य कार्य करने वाले मो.आजम खां के नेतृत्व में कांशीराम जी का मिशन आगे बढ़ रहा है। उनके जन्मदिन पर हम सब यह संकल्प लें कि पार्टी के पीडीए मिशन को सफलता के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। 2027 में पीडीए को सत्ता तक पहुंचाएंगे। सभा में प्रमोद गंगवार, अमरजीत सिंह, प्रदेश सचिव ओमेंद्र चौहान, अमरीश पटेल, डॉ. नूर मोहम्मद, पूर्व पालिका अध्यक्ष बिलासपुर मोहम्मद हसन खां, पूर्व पालिका अध्यक्ष रामपुर फात्मा जबी, पूर्व विधायक विजय सिंह, हरज्ञान सिंह यादव, रामप्रकाश सेठ, प्रदेश सचिव अखिलेश गंगवार, जफर खां एडवोकेट स्वार, सतनाम सिंह मट्टू एडवोकेट, राधे श्याम राहि तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षार्थियों ने दी साक्षरता परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को जिले के सभी विकास खंडों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में नवभारत साक्षरता परीक्षा हुई। सैदनगर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने बताया कि उनके केंद्र पर कुल 7 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और सभी उपस्थित रहे। परीक्षा कुल 150 अंकों की थी, जिसमें पढ़ने, लिखने तथा संख्यात्मक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल थे। सैदनगर ब्लॉक के नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी संकुल शिक्षकों को केंद्रों का प्रभारी बनाया गया था। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन उसी दिन कर बीआरसी पर जमा कराया गया व उसका विवरण उल्लास पोर्टल पर अपलोड किया गया। सफल अभ्यर्थियों को एनआईओएस के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान स्टाफ सहित रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस और आराधना सक्सेना उपस्थित रहीं।

### कांशीराम ने दिलाया बहुजन समाज को मान

**रामपुर, अमृत विचार :** पुराना गंज छीपियान स्थित अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर के आवास पर कांशीराम की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। महेश कुमार सागर ने कहा कि बहुजन समाज और व उनके महापुरुषों के आत्मसम्मान दिलाने वाले बसपा संस्थापक कांशीराम जी आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। बामसेफ और डीएस-4 के गठन के बाद दलित समाज को एक सूत्र में पिरौने का काम किया। इस दौरान मीना सिह, सुशील चौधरी, जबर सिंह सागर, अमित सागर, सुभाष बबलू तरुण सागर, विनय सागर दिया सागर मंजू सागर, दीप्ति बाला सागर, पप्पू सागर, दिनेश सागर, विकास सागर, डॉ. गुड्डू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तिलहन मेला आज

**रामपुर, अमृत विचार :** नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजना के तहत 16 मार्च आज बिलासपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय तिलहन मेले का आयोजन होगा। कार्यक्रम बिलासपुर में हुरमतनगर अहरो रोड स्थित किसान कल्याण केन्द्र पर आयोजित होगा। अध्यक्षता कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख करेंगे। मेले में किसानों को तिलहन फसलों की उन्नत खेती, नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के उपयोग आदि बताया जाएगा।

# झोलाछाप पर इलाज के नाम पर ठगी का आरोप

● **पीड़िता ने महिला डॉक्टर समेत उसके पति व बेटे के खिलाफ दी तहरीर**

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार:** महिला ने झोलाछाप डॉक्टर पर इलाज के नाम पर पैसे लेने एवं गलत उपचार करने और विरोध करने पर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला डॉक्टर समेत उसके पति व बेटे को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी है।

नरपत नगर खेड़पुरा निवासी रुबीना पत्नी मोहसिन काफी समय से बीमार थी। इसी दौरान किसी ने उसे मोहल्ला चक स्वार स्थित नाज हॉस्पिटल में इलाज कराने की सलाह दी। लगभग एक माह पूर्व वह वहां इलाज के लिए पहुंची। जहां महिला डॉक्टर ने खुद को एमबीबीएस सर्जन बताते हुए ऑपरेशन करने की बात कही। आरोप है कि 21 फरवरी को वह सास ससुर के साथ अस्पताल पहुंची। जहां महिला डॉक्टर ने ऑपरेशन के नाम पर 20 हजार रुपये मांगे। ससुर ने 7 हजार रुपये नकद और 13 हजार रुपये फोन के माध्यम से दे दिए। ऑपरेशन के समय महिला डॉक्टर और उनका बेटा मौजूद थे। उसने पुरुष डा. से ऑपरेशन कराने पर आपत्ति जताई। लेकिन उसे बेहोशी का इंजेक्शन देकर ऑपरेशन कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह लगातार डॉक्टर के पास जाती रही। लेकिन उसे दवाइयां देकर टाल दिया जाता रहा। अधिक परेशानी होने पर उसने किसी अन्य डॉक्टर को दिखाया। जहां पता चला कि महिला डॉक्टर और उसके पति फर्जी डॉक्टर हैं और बिना डिग्री के अस्पताल चलाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब वह अपने परिजनों के साथ डॉक्टर के पास शिकायत करने पहुंची तो उन्हें धमकाया गया और जान से मारने का प्रयास किया गया। रविवार को पीड़ित महिला ने तीनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# 19.91 करोड़ से होगा धावनी-चैनपुर मार्ग का चौड़ीकरण

**बिलासपुर, अमृत विचार :** धावनी गांव हसनपुर से चैनपुर तक जाने वाले 13 किलोमीटर लंबे जर्जर मार्ग के कायाकल्प का रास्ता साफ हो गया है।

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बताया कि शासन ने इस मार्ग के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण के लिए 19 करोड़ 91 लाख 46 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। जिसमें से 1.95 करोड़ की पहली किश्त जारी कर दी गई है। राज्यमंत्री ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की लाइफलाइन माना जाता है, जोकि धावनी हसनपुर से शुरू होकर दर्जनभर से अधिक गांवों को आपस में जोड़ते हुए चैनपुर जाता है। लंबे समय से सड़क की बदहाली के कारण आवागमन में परेशानी थी। कहा कि जनता मेरा परिवार है और उनका विकास मेरी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास का पहिया निरंतर घूम रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, संतोख सिंह खैहरा, शमशेर सिंह शेरा, लखविंदर सिंह, हरनेक सिंह, अंगनलाल राजपूत, चेतन पारुथी आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी लेते रहे जायजा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कालेज में पहुंचकर निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय रजा इंटर कॉलेज में पहुंच कर कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही लाइव निगरानी व्यवस्था को बारीकी से देखा। वहीं पेपर देने आए सिद्धांत शर्मा ने कहा कि पेपर अच्छा आया था इसमें हिंदी मुहावरों अर्थ और अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध बनाना तथा हिंदी वर्णमाला में ऊष्म व्यंजन पूछे गए थे सभी कर दिए हैं। पेपर अच्छा हुआ है।


राजकीय महिला डिग्री कालेज में कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम एवं एसपी। ● अमृत विचार

दरोगा भर्ती की परीक्षा में गणित के सवालों ने उलझा दिया। इसके अलावा सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी काफी मुश्किल पूछे गए थे। उम्मीद है पास हो जाएंगे। - मोहम्मद आजाद



परीक्षा में बिल्कुल सामने के प्रश्न पूछे गए थे। 63 नंबर के प्रश्न में विपरीत दिशा में चलने वाले वाहनों को अलग-अलग करने वाली लेन का रंग पूछा गया था। - दीपा



पेपर में न्यायालय से सम्बंधित काफी प्रश्न पूछे गए थे बालक कल्याण समितियों का उद्देश्य क्या है, भारतीय संविधान की व्याख्या करने का अधिकार किसके पास है। - मुनीश कुमार



# 200 छात्राओं को दिखाई केरला स्टोरी-2


फिल्म देखने के बाद सिनेमा हाल के बाहर खड़ी छात्राएं एवं अभिभावक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** सनातन धर्म में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत 200 हिंदू छात्राओं को लव जिहाद पर आधारित फिल्म केरला स्टोरी 2 दिखाई गई। कार्यक्रम के लिए दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित मोदी मॉल को बुक किया गया।

कार्यक्रम आयोजक भाजपा कार्यकर्ता प्रतीक फूल कुमार सक्सेना ने बताया कि मूवी का उद्देश्य हिंदू लड़कियों को समाज में होने वाली विभिन्न षड्यंत्र सुरक्षा और जागरुकता से जुड़े मुद्दों के प्रति सचेत करना है। फिल्म देखने के बाद छात्राओं ने इस पहल की सराहना की। प्रतीक ने कहा कि हिंदू धर्म की लड़कियों में जागरुकता फैलाना और सही जानकारी देना बहुत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह पहल की गई, ताकि युवा पीढ़ी सामाजिक परिस्थितियों को समझ सके और सतर्क रहें। इस दौरान मुख्य रूप से राजू शर्मा पूर्व जिला मंत्री भाजपा, कपिल गुप्ता गोपाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, युवा मोर्चा, भाजपा कार्यकर्ता अरुण सिंह, शलभ सक्सेना, विनीत शर्मा, अभिषेक साकेत सक्सेना, नमन जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीईटी का विरोध जारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में रविवार को भी पोस्टकार्ड अभियान चलाया।

नव साक्षरता परीक्षा के कारण रविवार को विद्यालय खुले होने से शिक्षकों ने वहीं से पोस्टकार्ड लिखकर आपत्ति दर्ज कराई। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति जिस समय के नियमों के तहत हुई थी, वही नियम उन पर लागू होने चाहिए। पूर्व प्रभाव (बैक डेट) से नियम लागू करना उनके साथ अन्याय है। इसी के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। महासंघ के संयोजक दिगपाल गंगवार ने बताया कि रविवार को पोस्टकार्ड अभियान के प्रथम चरण का अंतिम दिन था। रविवार को लिखे गए पोस्टकार्ड सोमवार को डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे।


टीईटी के विरोध में पोस्टकार्ड के साथ शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# यातना सहकर भी प्रभु को नहीं भूले प्रह्लाद

● **ठाकुरद्वारा मुनीश्वर दत्त मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत में बोले गोविंदाचार्य**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा मुनीश्वर दत्त मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास गद्दी से गोविंदाचार्य जी महाराज ने भक्त प्रहलाद के जीवन चरित्र का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने अनेक यातनाएं सहने के बाद भी भगवान का नाम संकीर्तन करना नहीं छोड़ा।

प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप ने उन पर जहरीले नाग छुड़वाए ताकि वे उसे डस लें और प्रहलाद डर कर ईश्वर का नाम लेना बंद कर दे। हिरण्यकश्यप स्वयं को भगवान कहलाना चाहता था। उसने प्रहलाद को पहाड़ों की ऊंची चोटियों से भी गिरवाया, परंतु प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ और वे निरंतर प्रभु नाम का जाप करते रहे। अंत में भगवान ने नृसिंह अवतार लेकर प्रहलाद की रक्षा की। भक्त प्रहलाद ने भगवान से पिता के लिए मोक्ष का वरदान मांगा, जिसके कारण उन्हें ''भक्त शिरोमणि'' कहा गया।

बाल कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब कृष्ण ने मिट्टी खाई और माता यशोदा को अपने मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन कराए, तो माता यशोदा भयभीत हो गईं। भगवान ने अपनी योगमाया से पुनः बाल रूप धारण कर माता का डर समाप्त किया। इसके उपरांत पूतना वध, बकासुर और अघासुर उद्धार तथा कंस वध की लीलाओं का वर्णन किया गया। श्याम अग्रवाल श्री राकेश रस्तोगी ने सपरिवार भागवत गीता एवं व्यास जी का पूजन किया। इस दौरान दिनेश अग्रवाल, सौरभ शर्मा, नरेश शर्मा, गिरिराज शरण, अशोक शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, प्रेम, दीपाली, हिमांशु, अतुल, प्रतीक, सुनीता सिंहल, लीला, मनोज, सुनीता, अंशु अग्रवाल, नीलम रस्तोगी, अंकित, काजल आदि मौजूद रहे।


गोविंदाचार्य जी महाराज।

# कुरान की तिलावत से बरसती है अल्लाह की रहमत


कुरान मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार


मस्जिद में कुरान मजीद मुकम्मल होने के बाद कारी और हाफिज की गुलपोशी हुई।

● **ईसाइयों वाले कब्रिस्तान के पास कुरआन मजीद हुआ मुकम्मल**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बरेली गेट स्थित ईसाइयों के कब्रिस्तान के पास मस्जिदे उमर में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह के दौरान कारी सैफ उल्लाह अत्तारी ने सुनाया जबकि, समाअत के फराइज हाफिज आकिब रजा ने अंजाम दिए। इसके बाद मौलना अब्दुस्सत्तार ने का कि कुरान को तजवीद के साथ ही पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुरान मजीद की तिलावत से अल्लाह की रहमत बरसती है।

कुरान मजीद मुकम्मल होने पर हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि कुरान को समझकर पढ़ना चाहिए। कुरान मजीद में हर मसले का हल मौजूद है। कुरान मजीद की तिलावत से अल्लाह बहुत खुश होता है वह अपने बंदे पर रहमतों की बारिश कर देता है। माहे रमजान में की गई इबादत का 70 गुना सवाब मिलता है। सैयद फुरकान मियां ने मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।

### माहे रमजान में गुनाहों से करें तौबा : हाफिज कदीर

ग्राम मनकरा स्थित मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। हाफिज जीशान खां और हाफिज मोहम्मद रेहान ने कुरान सुनाया, जबकि इमाम हाफिज अब्दुल कदीर ने सामां के फराइज निभाए। तकरीर में हाफिज अब्दुल कदीर ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में गुनाहों से बचने के लिए अपनी जुबान, नजर और कानों को हराम चीजों से पाक रखें। कहा कि आपस में इत्तेफाक और इत्तेहाद से रहें और अल्लाह की नाराजगी का सबब बनने वाले कामों से बचें। इसके बाद मुल्को-कौम की तरक्की के लिए दुआ हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां समेत काफी लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की।

# नमाज और तिलावत से दूर रहती हैं बुराइयां

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ब्लॉक सैदनगर के ग्राम करीमपुर स्थित मस्जिद में रमजान में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हुआ। इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने कुरान सुनाया, जबकि हाफिज मोहम्मद अयान ने सामां के फराइज अंजाम दिए। हाफिजों की गुलपोशी की गई। मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल कदीर रजा ने कहा कि नमाज पढ़ने और कुरान की तिलावत से इंसान बुराइयों से दूर हो जाता है।

कुरान मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। इस मौके पर हकीम शमशाद रजा ने रमजान और कुरान की फजीलत बताते हुए कहा कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत और नेक काम करें। इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने देश और कौम की तरक्की, भाईचारे और अमन की दुआ कराई। इस अवसर पर जिपं सदस्य मुस्तफा हुसैन, मौलाना फारूक ए आजम, मौलाना रुखसाद, मौलाना नाजिम, हाफिज मोहम्मद नवेद, मौलाना शाकिर अली, मौलाना नौशाद रजा, हाफिज वसीम रजा, अफसर हाजी, छोटे मिस्त्री, अख्तर अली मुल्ला, इस्तेकार अली, जर्रार प्रधान, मुदस्सिर पाशा, अकबर अली, रईस अहमद, शोएब पाशा आदि मौजूद रहे।


कुरान मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

● **करीमपुर की मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल**

### बुराइयों से तौबा कर दीन के रास्ते पर चलें

**मिलक, अमृत विचार :** नगर की जामा मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर रविवार शाम एक धार्मिक जलसे का आयोजन किया गया। उलेमाओं ने लोगों को दीन के रास्ते पर चलने और बुराइयों से दूर रहने की नसीहत दी। कारी नजफ अली रामपुरी ने कहा कि दीन के बताए रास्ते पर चलनेसे अल्लाह खुश होता है और इंसान को दुनिया व आखिरत दोनों में कामयाबी मिलती है। कुरान शरीफ की तिलावत कारी याकूब वहीदी ने सुनाई, जबकि कारी मुफ्ती नजफ अली रामपुरी ने सुना। इस दौरान हाफिज ताहिर रजा, हाफिज नाहिद रजा, मौलाना आसिम, जामा मस्जिद सदर सलीम मलिक, डॉ. अकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

बिजनौर, अमृत विचार : थाना स्योहारा में रविवार को ट्रक एक मोटरसाइकिल से टकरा गया। बाइक पर बैठी 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान ज्योति (22 वर्ष) पत्नी मंगल सिंह, निवासी ग्राम लालपुरी खाबड़ी, थाना धनौरा, जिला अमरोहा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों का कहना है कि कस्बे से लगातार गन्ने और खोई से भरे तथा खाली ट्रक तेज रफ्तार में गुजरते रहते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित दबोचे

चंदौसी, अमृत विचार : बनियाठेर पुलिस टीम ने ग्राम मंगलपुर मोड़ चौकी क्षेत्र आटा से सुनील उर्फ टीटू तथा दीना उर्फ दीनानाथ निवासी ग्राम थरेसा जयसिंह थाना बनियाठेर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चोरी और कबाड़ कटान जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे, जिससे क्षेत्र में लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। इस मामले में थाना बनियाठेर में चार फरवरी 2026 को गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील उर्फ टीटू पर पहले से भी चोरी सहित कई मुकदमे दर्ज हैं।

### संविदा लाइनमैन से मारपीट कर 29 हजार रुपए छीने

हसनपुर, अमृत विचार : एक संविदा लाइनमैन ने अपने साथ मारपीट कर दबंगों द्वारा नगदी छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी सुमित कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह ग्रामीण बिजली घर के फीडर कालाखेड़ा पर संविदा लाइनमैन है। शनिवार शाम वह उपभोक्ताओं के बिलों की 29 हजार रुपये जमा करने एसडीओ कार्यालय आ रहा था। आरोप है कि नगर के मोहल्ला लालबाग में बुलेट सवार दो अज्ञात युवकों ने गलत दिशा से आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और जेब में रखे 29 हजार रुपये निकाल लिए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## गैस एजेंसी संचालकों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, सड़क पर लगाया जाम, फंसे रहे वाहन

संवाददाता, हसनपुर



गैस की किल्लत को लेकर जाम लगाते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रसोई गैस वितरण में अनियमितता से नाराज सैकड़ों उपभोक्ताओं ने रविवार को नगर के गजरौला मार्ग पर जाम लगाते हुए नारेबाजी की। गैस एजेंसी संचालकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझ कर जाम खुलवाया। उसके बाद गैस एजेंसी स्वामी व उपभोक्ताओं के बीच वार्ता कराई गई।

लगातार घरेलू गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। वही प्रशासनिक अधिकारी गैस की कोई भी कमी न होना बता रहे हैं। रविवार को सुबह चार बजे से नगर के गजरौला मार्ग स्थित दिपपुर गेट के निकट गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। 9 बजे तक गैस एजेंसी स्वामी द्वारा कोई भी जवाब न दिए जाने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने गजरौला मार्ग जाम कर दिया जाम लगने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई।

- पुलिस ने आकर नाराज उपभोक्ताओं को समझाकर शांत किया

वहीं उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी स्वामी पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एजंसी संचालक समय से गैस की सप्लाई नहीं दे रहे। इसके लिए उपभोक्ताओं को पांच-पांच घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है। फिर भी गैस नहीं मिल रही। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया। उधर गैस एजेंसी संचालक दिनेश गौतम का कहना है कि गाड़ी खराब होने की वजह से गैस आने में देरी हुई। जिस पर लोगों ने हंगामा कर दिया।

### गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे लोग

गजरौला, अमृत विचार : एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच उपभोक्ता सुबह से ही गैस गोदामों के बाहर लंबी कतार में लग रहे हैं। वहीं कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से फूड कारोबार पर 30 फीसदी तक असर पड़ा है। कई दिन सिलेंडर न मिलने से घरों में बिजली की खपत बढ़ गई है। गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच लोगों में उहापोह का माहौल है। ऑनलाइन गैस बुकिंग हो नहीं रही है, और दिनभर लंबी कतार लगने के बाद भी उपभोक्ता खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। रविवार को शहर के चौपला पर घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर दो हजार रुपये में और कामर्शियल सिलेंडर तीन हजार रुपये में मिलने की चर्चा आम रही। एजेंसी संचालकों और कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक हो रही है।



जाम लगने से मार्ग पर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

# बीएलओ पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन



थाने के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बडा माझरा में तैनात शिक्षामित्र व अतिरिक्त बीएलओ पर ग्रामीणों ने धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीएलओ ने वोटर संबंधी कार्य का झांसा देकर खाली कागजों पर उनके अंगूठे और हस्ताक्षर करा लिए थे, जिनका दुरुपयोग बाद में तालाब खुदाई के प्रस्ताव में किया गया।

मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रशासनिक टीम जांच के लिए गांव पहुंची। टीम द्वारा प्रस्ताव पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर होने की बात सुनकर ग्रामीण दंग रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने किसी भी तालाब खुदाई के प्रस्ताव पर सहमति नहीं दी थी। फर्जीवाड़े से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने रविवार को आदमपुर थाने पहुंचकर बीएलओ के खिलाफ तहरीर दी और थाने के गेट पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन करने वालों में नन्हे सिंह, भूकन, हीरालाल, अमरपाल, अर्जुन, मुकेश, अंतरसिंह, हरपाल सिंह और कलुआ सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को भेजे गए पत्र की प्रति भी पुलिस को सौंपी है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के प्रश्न को लेकर रिपोर्ट की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। ब्राह्मण सभा ने परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग उठाई है।

रविवार को शहर के मोहल्ला कोट में आयोजित बैठक में ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं० पवन कौशिक और महामंत्री पं० मनु शर्मा एडवोकेट ने एक प्रश्न अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के लिए विकल्प में पंडित शब्द दिया गया था, जिसे ब्राह्मण समाज का अपमान बताया गया। उन्होंने कहा कि लगातार ब्राह्मण समाज को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां और षड्यंत्र सामने आ रहे हैं।

- दरोगा भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के जवाब को लेकर ब्राह्मण समाज में है नाराजगी

ऐसे मामलों में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में ब्राह्मण सभा ने मांग की कि भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में इस प्रकार के सवाल शामिल करने वाले संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। योगेंद्र शर्मा, विकास व्यास, रामप्रकाश शर्मा, विपुल शर्मा, प्रतुल शर्मा, वामदेव नौटियाल, शिवम शर्मा, सुभाष शर्मा, स्वीकृत शर्मा, राजन शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, हिमांशु पाराशर, वरुण त्रिवेदी, शशांक त्रिवेदी, गौरव दीक्षित, पवन शर्मा और राकेश शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर जन्मोत्सव पर मेधावियों का होगा सम्मान

हसनपुर, अमृत विचार: रविवार को अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक में अध्यक्ष चंचल सागर ने अंबेडकर उद्यान समिति खेवान के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूराम जाटव और उनकी कार्यकारिणी का स्वागत किया।

अध्यक्षा चंचल सागर नेकहा कि इस वर्ष बाबा साहब की जयंती पर झांकी अत्यंत भव्यता के साथ निकाली जाएगी। अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने बताया किकार्यक्रम में क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराया है। साथ ही, उन अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं। अंबेडकर उद्यान समिति के अध्यक्ष बाबूराम सागर ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# तेल और गैस को लेकर अफवाहों से बचें: टिकैत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव अलीपुरा कलां में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत शनिवार को संगठन के एक पदाधिकारी की तबीयत खराब होने की सूचना पर उनके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडर की किल्लत और देश में चल रही विभिन्न चर्चाओं पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

रविवार को गांव अलीपुरा कला में किसान नेता सुधाकर सिंह का हालचाल लेने आए राकेश टिकैत ने कहा कि डीजल, पेट्रोल और गैस को लेकर अफवाहों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी देश में इनकी कोई वास्तविक कमी नहीं है। अफवाहों के कारण लोग घबराकर डीजल-पेट्रोल जमा करने लगे हैं, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि गांवों में वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्था रहती है और जरूरत पड़ने पर ग्रामीण चूल्हों पर भी रोटी बना सकते हैं, जबकि



किसान नेता का हालचाल पूछते राकेश टिकैत। ● अमृत विचार

- भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा- देश में डीजल, पेट्रोल और गैस की कमी नहीं
- सिलेंडर की जरूरत शहरों में, गांवों में ग्रामीण चूल्हों पर भी रोटी बना सकते हैं

शहरों में रहने वाले लोगों के लिए गैस ज्यादा जरूरी होती है। इसलिए जहां ज्यादा जरूरत है, वहां सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। टिकैत ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बेवजह गैस का अधिक उपयोग न करें और जरूरत पड़ने पर चूल्हों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने संभल में सीओ द्वारा ईरान के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर दी गई चेतावनी और उस पर चल रही राजनीतिक टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी। टिकैत ने कहा कि लोगों को सबसे पहले अपने देश में क्या हो रहा है, इस पर ध्यान देना चाहिए। दूसरे देशों की घटनाओं से ज्यादा जरूरी अपने देश की स्थिति को समझना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में हालात चुनौतीपूर्ण हैं, इसलिए सभी लोगों को देश के साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। जब लोग एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहेंगे, तभी परिस्थितियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा।

### राकेश टिकैत ने संगत के साथ सुनी गुरबाणी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव गन्दुपाल स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित सालाना दीवान में रविवार को बड़ी संख्या में संगत जुटी। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होकर गुरबाणी का श्रवण किया। गुरुद्वारा साहिब में उन्होंने संगत के साथ बैठकर गुरबाणी सुनी और वाहेगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने अरदास करते हुए कहा कि वाहेगुरु सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा सबको सुख, शांति और तरक्की प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। सालाना दीवान में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में संगत पहुंची और श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, मनु प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में संगत और किसान मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सैदनगली में शंकर स्कॉलर्स एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी



सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत सैदनगली स्थित शंकर स्कॉलर्स एकेडमी में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने फीता काटकर किया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के स्रोत, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्मार्ट सिटी और आधुनिक तकनीक से जुड़े मॉडल बनाकर विज्ञान के प्रति अपनी समझ और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्या वीना अग्रवाल, मुदित गुप्ता, वैभव गुप्ता, दयानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आनंद सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे, डॉ. पुनीत गुप्ता, राजू गुप्ता, उमाशंकर गर्ग, राकेश गुप्ता, शिवम कौशिक, जगपाल कटारिया, नीतू भाटी, सभासद निकेश कुमार, डॉ. शादाब अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### तेज हवा और बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका

मंडी धनौरा, अमृत विचार : रविवार को अचानक बदले मौसम ने धनौरा क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आई तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। कई स्थानों पर तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल खेतों में झुक गई, जबकि सरसों की फसल को भी आंशिक क्षति पहुंचने की बात सामने आई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं और सरसों की फसल पकने की अवस्था में है। ऐसे में बारिश और तेज हवा का असर सीधे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर पड़ सकता है। किसान परम सिंह ने बताया कि इस समय गेहूं और सरसों की फसल पूरी तरह पकने के करीब है। अचानक आई तेज हवा और बारिश से कई खेतों में गेहूं झुक गई है, जिससे पैदावार प्रभावित होने की आशंका है। वहीं किसान कौशल यादव का कहना है कि अगर मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहा तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। फसल तैयार खड़ी है और ऐसे समय में बारिश और तेज हवा से सबसे ज्यादा नुकसान होता है।इसके अलावा किसान राहुल शर्मा और गोपाल सैनी सहित अन्य किसानों ने भी बताया कि अचानक आए इस मौसम परिवर्तन से फसल को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों ने प्रशासन से फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### गुलदार के हमले में दस साल की बच्ची की मौत

बिजनौर, अमृत विचार : नहटौर क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर में रविवार सुबह गुलदार के हमले में 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्ची अपनी मां और भाई के साथ खेत से घर लौट रही थी। अचानक झाड़ियों में छिपे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया और उसे गर्दन से दबोचकर जंगल में घसीट ले गया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार का परिवार गन्ने की बुआई के लिए खेत पर गया था। रविवार सुबह करीब 10 बजे अतुल की पत्नी पिंकी अपनी बेटी अदिति (10) और बेटे आदित्य के साथ खेत से काम खत्म कर घर लौट रही थीं। रास्ते में झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। देखते ही देखते गुलदार बच्ची को गर्दन से दबोचकर जंगल की ओर खींच ले गया। मां के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े। ग्रामीणों के शोर और हलचल से गुलदार बच्ची को करीब 200 मीटर दूर लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गया। परिजन अदिति को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अदिति चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी और गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा थी। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी और गुलदार की तलाश के लिए टीमों को लगाया जा रहा है।



अदिति।

### जन शक्ति दल की बैठक में एकजुट होने का आह्वान

मंडी धनौरा, अमृत विचार : रविवार को नगर के बाईपास रोड स्थित डॉ. आरके सैनी के आवास पर जन शक्ति दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रतन सिंह सैनी ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और जनसमस्याओं पर विचार रखे। डॉ. सैनी ने कहा कि राजनीतिक दल जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए उन्हें जाति और धर्म के जाल में उलझाने का प्रयास कर रहे हैं। विकास, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दे पीछे छूटते जा रहे हैं, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम लोगों से सामाजिक एकता बनाए रखने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। डॉ. सैनी ने कहा कि गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। विशेष रूप से एलपीजी गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों ने गृहिणियों और गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने और आम जनता को राहत देने की मांग की।

# कांशीराम ने दलित समाज के उत्थान में लगाया जीवन



कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते महबूब अली, परवेज अली व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** सदर विधायक व पूर्व मंत्री महबूब अली के आवास पर कांशीराम की जयंती मनाई गई। कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जनपद के खवासपुर गांव में हुआ था। उनके पिता एक साधारण किसान थे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में सरकारी नौकरी के दौरान कांशीराम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों और लेखन से प्रभावित हुए। इसके बाद उन्होंने समाज के वंचित और दलित वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने दलित समाज के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति और वर्ष 1972 में बामसेफ की स्थापना कर समाज के कमजोर वर्गों को संगठित करने का काम किया। उनके संघर्ष और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। पूर्व एमएलसी परवेज अली, मुख्तार नकवी, वीर सिंह यादव, शशिकांत गोयल, रायबल्लभ रघुवंशी, रोहित जाटव, सुनील जाटव, रामगोपाल जाटव, वहाब सैफी, अंसार मेंबर, इमरान पहलवान, मुनासिब अब्बासी, शफीक प्रधान, आलम लतीफ, रियाजुल प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांशीराम को सपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

हसनपुर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर रविवार को बहुजन आंदोलन के संस्थापक कांशीराम की जयंती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक कांठ कमाल अख्तर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कमाल अख्तर ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन समाज के दलितों, पिछड़ों, शोषितों और वंचित वर्गों को उनका हक दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी हमेशा सामाजिक न्याय और पीडीए की मजबूती की बात करते रहे है।



काशीराम को नमन करते कमाल अख्तर।

# चोरी की घटनाओं का नहीं हो सका खुलासा

गजरौला, अमृत विचार: प्राचीन चाकेश्वर झारखंडी मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का छात्र व दान पात्र चोरी करने वाले आरोपियों का 13 दिन बाद भी सुराग नहीं लगा। इसके अलावा पुलिस शिक्षिका के घर हुई लाखों रुपये की चोरी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

30 दिसंबर को लक्ष्मी नगर में मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित रही। 16 फरवरी को शहर के मोहल्ला अतरपुरा में दो फैक्ट्री कर्मियों के मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। एक मार्च की रात चोरों ने चाकेश्रर झारखंडी महादेव मंदिर का ताला तोड़ चांदी का छत्र चोरी कर लिया था। इसके अलावा दान पात्र भी चोरी करके ले गए थे।

# जुबिलेंट के सामने किसानों की महापंचायत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक महापंचायत रविवार को गजरौला नेशनल हाईवे स्थित जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने पुल के नीचे आयोजित हुई। महापंचायत में जहरीले पानी मिट्टी और आदि के नमूनों की रिपोर्ट सार्वजनिक करन और कार्रवाई की मांग की गई।

फैक्ट्रियों के प्रदूषित जल से खराब हो रहा क्षेत्र का पानी और जमीन को लेकर किसान 84 दिन से धरने पर हैं। इसी के तहत महापंचायत का आवाह्न किया। पाल्यूशन विभाग और जल विभाग के अधिकारियों ने किसानों को संतुष्ट करने का प्रयास किया लेकिन किसान कार्रवाई की मांग करते रहे। संगठन और अधिकारियों के बीच एक सप्ताह का समय देने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंश चौधरी ने कहा किअधिकारी एक हफ्ते के अंदर धरना स्थल पर पहुंचकर रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे।



किसानों को संबोधित करते नरेश चौधरी। ● अमृत विचार

- जल प्रदूषण को लेकर फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं

यदि ऐसा नहीं हुआ तो एक हफ्ते के बाद संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अगली महापंचायत की घोषणा करेंगे।राष्ट्रीय महासचिव दलजीत सिंह, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान,सुरेंद्र सिंह,सुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, एहसान अली, अब्दुल रशीद, सचिन चौधरी, इमरान मंसूरी, सुनील चौधरी, शान चौधरीआदि किसान लोग मौजूद रहे।

### संभल के जांबाजों ने दिखाया दम

बरेली, अमृत विचार : अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार को संभल और पीलीभीत जिले के अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) श्रेणी के लिए संभल और पीलीभीत से कुल 900 अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए बुलाया गया था।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत - मदनापुर, वि.ख.- मूंढापाण्डे (मुरादाबाद)**

पत्रांक : मेमो/पराबि/ग्रा.पं./निविदा/2024-24 | दिनांक : 15.03.26

**अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत मदनापुर वि.ख. मूंढापाण्डे, मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने हैं। उक्त हेतु पंजीकृत ठेकेदार (सामग्री) दिनांक 16.03.26 से 20.03.26 को दोपहर 04:00 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें (सामग्री) अपने पंजीकृत प्रमाण पत्र / व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार | जमानत राशि के साथ एफ.डी.आर. आदि संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा । निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20.03.26 को अपरान्ह 03:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप मीटर में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाली व सी. सी. टाइल्स कार्य, कार्य आले नवी के घर से शाने अली के घर तक | | 185702 | 100 | 2% | 01 माह |
| 2 | नाला निर्माण कार्य, मुबारक के घर से अमीन के खेत तक | | 260890 | 100 | 2% | 01 माह |
| 3 | नाली निर्माण कार्य, शमशाद डीलर के घर से स्कूल के कोने तक | | 270870 | 100 | 2% | 01 माह |
| 4 | सी. सी. टाइल्स निर्माण कार्य, रसीद के घर से रफीक बिचले के घर तक | | 299860 | 100 | 2% | 01 माह |
| 5 | नाली व सी. सी. टाइल्स कार्य, राहजान के घर हारून के घर तक | | 210875 | 100 | 2% | 01 माह |
| 6 | नाली व सी. सी. टाइल्स कार्य, फारूक के घर से अनीस के घर तक | | 212770 | 100 | 2% | 01 माह |

नियम व शर्ते - (1) सामग्री की मात्रा का निर्धारण कार्य स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा।(2) आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी ।(3) सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।(4) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर की जायेगी।(5) प्रस्तुत दर पी.डब्लू. डी. की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होनी चाहिए ।(6) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी।(7) सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाय जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत मदनापुर, वि.ख. मूंढापाण्डे, मुरादाबाद

## खाना में देरी पर सौतेली मां की हथौड़े से हत्या

### बहजोई की दुर्गा कॉलोनी में वारदात, आरोपी बेटा गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद किया

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** खाना देने में देरी पर विवाद के बाद एक युवक आपा खो बैठा और अपनी सौतेली मां की हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा बरामद कर लिया।


मृतका शमीम बानो।

बहजोई कस्बे के इस्लामनगर रोड स्थित नई बस्ती दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले मुरादी का 20 वर्षीय बेटा आतिफ शनिवार रात ड्यूटी करने के बाद घर लौटा। घर आकर उसने अपनी सौतेली मां शमीम बानो से खाना देने को कहा। शमीम बानो ने कुछ देर बाद खाना देने की बात कही और काम में लग गई। इसके बाद आतिफ अपने कमरे में चला गया। एक से डेढ़ घंटे बाद भी खाना न ही मिलने पर आतिफ दोबारा रसोई में पहुंच गया। उस समय शमीम बानो दूसरे कामों में व्यस्त थी। खाने की बात पर आतिफ और शमीम बानो के बीच कहासुनी शुरू हो गई। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आतिफ ने कमरे में रखा हथौड़ा उठाया और शमीम बानो के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए।

गंभीर चोट लगने से शमीम बानो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर-शराबा सुनकर


पुलिस गिरफ्त में मां की हत्या का आरोपी बेटा। • अमृत विचार

• **खाने को लेकर विवाद के बाद युवक ने हथौड़े से कई वार किए**

आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक शमीम बानो की मौत हो गई थी। इसी बीच नमाज पढ़कर मुरादी भी घर आ गया। उसने पत्नी को मृत देखा तो सन्न रह गए। सूचना मिलने पर रात करीब 12 बजे बहजोई पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार आतिफ और उसकी सौतेली मां शमीम बानो के बीच पहले भी अक्सर विवाद होता रहता था। बहजोई थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि आरोपी आतिफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। हथौड़ा भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आतिफ ने पुलिस को बताया कि वह काम से लौटने के बाद कई बार खाना मांग चुका था। खाना न मिलने और कहासुनी होने पर उसे गुस्सा आ गया। इसी आवेश में उसने हथौड़े से वार कर दिया।

#### पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी

लकड़ी का कारोबार करने वाले मुरादी की पहली पत्नी की 13 वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद करीब 12 वर्ष पहले उन्होंने अलीगढ़ निवासी अपनी ममेरी बहन शमीम बानो से निकाह किया था। शमीम बानो के पति की भी मृत्यु हो चुकी थी और उनकी कोई संतान नहीं थी। मुरादी की पहली पत्नी से एक बेटी और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बड़ा बेटा गुलशन गोंडा में कोचिंग में पढ़ाता है। छोटा बेटा आतिफ बहजोई में रहकर पिता के लकड़ी के कारोबार में हाथ बंटाता था।

#### मुरादी पर भी गंभीर आरोप, गिरफ्तारी की मांग

मृतका शमीम बानो की बहन शबाना ने बताया कि मुरादी अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता था। गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शमीम बानो की दो बेटियां हुई थीं, जिन्हें पिता और पुत्र ने मार डाला था। कहा कि हत्या रात में ही कर दी गई थी, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें अगले दिन सुबह करीब 3 बजे मिली। शबाना ने कहा कि उनकी बहन के साथ लंबे समय से अत्याचार हो रहा था और अब उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोनों पिता-पुत्र को जेल भेजा जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

## खेलो बबराला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बने विजेता

**बबराला,अमृत विचार:** नगर पंचायत के तत्वावधान में सृष्टि नववर्ष के अवसर पर 'खेलो बबराला' के तहत रविवार को बाबूराम सिंह भायसिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में बाबू राम सिंह इंटर कॉलेज, संस्कृति पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्या निकेतन, द गंगोत्री ए टेंपिल ऑफ एजुकेशन, स्वामी ध्यानानंद पब्लिक स्कूल, सोना देवी मेमोरियल स्कूल, सीताराम मेमोरियल स्कूल, रामा कॉन्वेंट स्कूल, रूपगंगा पब्लिक स्कूल तथा पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहित 15 विद्यालयों के 231 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव तथा नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने किया। संचालन में हरि गोविंद सिंह, जगदीप वार्ष्णेय, निशांत मंकित तथा नितिन आइडिया ने रेफरी की भूमिका निभाई।

## 18 से पांच केंद्रों पर होगा यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता,संभल

• **24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में होगी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब 18 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरु होगा। दो लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं के रख-रखाव से लेकर जांच तक की पूरी प्रक्रिया 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि इस बार मूल्यांकन केंद्रों के खुलने और बंद होने की एंट्री रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। हर दिन केंद्र कब खुला और कब बंद हुआ, इसकी सूचना विधिवत दर्ज की जाएगी, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए एक हजार से अधिक परीक्षकों की तैनाती की जाएगी। सभी शिक्षकों को विभाग की ओर से परिचय पत्र जारी किए जाएंगे, ताकि केवल अधिकृत परीक्षक और कर्मचारी ही केंद्रों के भीतर प्रवेश कर सकें। सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू होकर 1 अप्रैल तक चलेगा। इस पूरी अवधि में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम से पूरे मूल्यांकन कार्य की लगातार निगरानी होगी। बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने वाले कमरों पर भी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की नजर रहेगी। जनपद संभल में इस वर्ष इंटरमीडिएट के 27,786 और हाईस्कूल के 23,646 परीक्षार्थी शामिल रहे। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई और एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में किया जाएगा। वहीं हाईस्कूल की कॉपियों की जांच शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज संभल, हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज बहजोई और आचार्य मुक्तेश हकीम रहीस इंटर कॉलेज में होगी।

## बूंदाबांदी और हवा ने बदला मौसम

कार्यालय संवाददाता,संभल/कुढ़ फतेहगढ़

**अमृत विचार:** रविवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली तो लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा। तड़के शुरू हुई बूंदाबांदी और उसके बाद चली तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। सुबह से दोपहर तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ गई।

संभल में रविवार को तड़के करीब चार बजे से ही मौसम का स्वरूप बदलना शुरू हो गया। पहले हल्की बूंदाबांदी हुई और उसके बाद सर्द हवाएं चलने लगीं। दिन निकलने तक वातावरण में ठंडक बढ़ गई। लोग सुबह घरों से निकले तो उन्हें ठंडी हवा के कारण गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हुई। चन्दौसी के कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में तेज हवा और बूंदाबांदी का असर फसलों पर भी दिखाई दिया।


चंदौसी में बरसात व तेज हवा से गिरी गेहूं की फसल। • अमृत विचार

• **गेहूं-सरसों की फसल को नुकसान की आशंका**

खेतों में खड़ी गेहूं की फसल कई स्थानों पर झुक गई, जबकि कुछ जगहों पर तेज हवा के झोंकों से फसल पूरी तरह बिछ गई। दियौरा खास, बिचैटा, बेरनी, रतनपुर और कुढफतेहगढ़ समेत कई गांवों में गेहूं की फसल गिरने की जानकारी सामने आई है। दियौरा खास निवासी किसान सोमपाल सिंह,रामप्रसाद, मुड़िया खेड़ा निवासी किसान सुमित कुमार सिंह ने गेहूं की फसल को लेकी चिंता जताई । वहीं गुरसरी निवासी किसान योगेन्द्र सिरोही ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल में अंतिम सिंचाई चल रही है। बूंदाबांदी से नुकसान की आशंका कम है, लेकिन बारिश के साथ तेज हवा चलने से फसल गिर रही है, जिससे पैदावार प्रभावित हो सकती है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह का बना रहा और बारिश के साथ हवा तेज चलती रही, तो गेहूं के साथ-साथ सरसों समेत अन्य फसलों को भी ज्यादा नुकसान हो सकता है।

## अक्रूर जी जयंती पर अवकाश और द्वार निर्माण की मांग

**चंदौसी,अमृत विचार:** श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन ने मंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन देकर मांग रखी कि वार्ष्णेय समाज के कुल प्रवर्तक श्री अक्रूर जी महाराज के जन्मोत्सव पर 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश में एक दिन का अवकाश घोषित किया जाए। साथ ही चंदौसी के रामबाग रोड पर एक भव्य द्वार बनवाने की मांग भी की गई।

संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि वार्ष्णेय बारहसैनी समाज प्राचीन वृष्णि वंश से जुड़ा एक समृद्ध वैश्य समुदाय है, जो भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और श्री अक्रूर जी महाराज को वंश प्रवर्तक मानता है। प्रभात कृष्णा ने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए समय-समय पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह भव्य शोभायात्रा निकालने का भी प्रस्ताव रखा गया। मंतेश वार्ष्णेय, देवेंद्र मोनू, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, चिराग वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, रजत वार्ष्णेय, निक्कू वार्ष्णेय, अमित चौधरी, अमित के एस सहित कई लोग मौजूद रहे।


राज्य मंत्री गुलाब देवी से वार्ता करते व्यापारी। • अमृत विचार

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से युवक की मौत

• **आसफपुर में अरिल नदी पुल पर हादसा, मजदूरी कर लौट रहा था युवक**

कार्यालय संवाददाता,संभल/कुढ़फतेहगढ़

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर पीथनपुर निवासी नागेंद्र सिंह की मजदूरी करके लौटते समय अरिल नदी के पुल पर आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से मौके पर ही जान चली गई।


मृतक नागेंद्र सिंह।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नागेंद्र सिंह रविवार दोपहर करीब एक बजे अपने गांव के संजय, रजनेश, विमल, विशेष समेत अन्य लोगों के साथ गांव परसिया, तहसील बिसौली से आलू बीन कर घर लौट रहा था। रास्ते में आसफपुर स्थित अरिल नदी पुल के पास मेला लग रहा था। साथी मेला देखने के लिए चले गए, जबकि वह पुल के पास सड़क किनारे ही रुक गया। इसी दौरान मन्नू नगर चौराहे की ओर से आलू से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां पहुंची। नागेंद्र के सिर क ऊपर से ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया उतर गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां दयावती और पत्नी आरती का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। मजदूर की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल है।

#### डीसीएम पेड़ से टकराई, युवक की मौत, कई घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** वैवाहिक कार्यक्रम में टैंट का सामान लेकर उझानी जा रही डीसीएम शनिवार की देर रात बिजली के खंभे से टकराई और फिर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। चंदौसी से टैंट हाउस का सामान डीसीएम से उझानी ले जाया जा रहा था। गाड़ी में पुष्पेन्द्र (22) पुत्र पुन्नी निवासी जाफरपुर, देवपाल निवासी बर्रई, दिनेश सहित अन्य लोग सवार थे। रात करीब दो बजे चालक को झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर पहले बिजली के खंभे से टकराई और फिर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पुष्पेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सुबह परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम करीब चार बजे मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया है कि मृतक पुष्पेन्द्र अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटे को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कांशीराम के बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि


संभल में कांशीराम जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पक्का बाग कार्यालय में बहुजन आंदोलन के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामाजिक न्याय, समानता तथा भाईचारे के उनके विचारों को याद किया गया।

फिरोज खां ने कहा कि कांशीराम ने समाज के दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित वर्गों को राजनीतिक चेतना देने का ऐतिहासिक काम किया। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यकर्ता पीडीए समाज को मजबूत करने के लिए पूरी एकजुटता के साथ काम करें और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाएं। जाहिद खां, मुस्तकीम, अब्बास खां, अज़मत, गौरव, शरीक, मोनिस, जबर सिंह, अजय जाटव, सलीम, रामरहीस यादव, बिलाल, शान सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आठ नलकूपों के ताले तोड़ उपकरण चोरी

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में शनिवार रात चोरों ने दो गांवों में आठ किसानों के नलकूपों से बिजली उपकरण चोरी कर लिए। नाराज किसानों ने प्रदर्शन कर पुलिस से जल्द खुलासे और वारदातों पर रोक लगाने की मांग की।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी के जंगल में शनिवार रात चोर पूर्व प्रधान शिवशंकर के नलकूप की कोठरी में नकब लगाकर केबल तथा स्टार्टर चोरी कर ले गए। इसके बाद पास ही सुनील के नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर स्टार्टर और केबल चोरी कर लिए गए। जनडेल के नलकूप की कोठरी में चोर नकब लगाकर उपकरण समेट ले गए। इतना ही नहीं, टांडा कोठी गांव के ही सोमपाल और यूसुफ के नलकूपों


टांडा कोठी में चोरी के बाद उपकरण दिखाते किसान। • अमृत विचार

• **किसानों ने वारदातों पर अंकुश लगाने व चोरों की गिरफ्तारी की उठाई मांग**

से भी उपकरण चोरी कर लिए।चोरों ने गांव ओबरी निवासी नूर हसन, मेहंदी हसन और असलम के नलकूपों की कोठरियों के भी ताले तोड़कर उपकरण चोरी कर लिए। एक साथ कई नलकूपों से उपकरण चोरी होने पर किसानों ने गहरा आक्रोश जताया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। टांडा कोठी निवासी अरुण शंकर, रोहित, अशोक, विनीत, सुनील समेत अन्य किसानों ने प्रदर्शन कर चोरी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। पुलिस ने किसानों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस रात में गश्त बढ़ाए और जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा करे।

## न्यूज डायरी

### कार्यकर्ताओं के खिलाफ षड्यंत्र का दिया जाएगा जवाब: संजीव यादव



**रजपुरा, अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा में होली मिलन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता संजीव यादव ने कहा कि उनके किसी भी कार्यकर्ता के खिलाफ षड्यंत्र रचा गया तो उसका जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा। कहा कि जनता का प्यार और भरोसा इसी तरह मिलता रहा तो वह आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में गुन्नौर से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में नजर आएंगे। कार्यक्रम के दौरान 8 मई को गुन्नौर में एक डिग्री कॉलेज शुरू कराने के साथ ही 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा की बात भी कही गई। मुख्य अतिथि के रूप में जगतगुरु स्वामी सतीशाचार्य मौजूद रहे। ऑल इंडिया मदर टेरेसा फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी सरदार सिंह यादव ने गुन्नौर क्षेत्र में एक बड़े अस्पताल की स्थापना की बात कही। रजपुरा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, डॉ. बनवारी सिंह यादव, भारत सिंह यादव, अरविंद यादव, संजय लंबरदार, केपी यादव, हरवीर यादव, सतीश यादव, दिनेश शर्मा, ऋषीपाल यादव, दीपक राजपूत, टेकचंद राणा सहित सैकड़ों लोगमौजूद रहे।



### व्यापार मंडल 19 को मनाएगा हिंदू नव वर्ष

**चंदौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जवाहर रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 मार्च को विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन भारतीय हिंदू नव वर्ष को संगठन के सभी पदाधिकारी उत्साह के साथ मनाएंगे। पदाधिकारियों ने तय किया कि 19 मार्च से पूरे मार्च माह में लोग एक-दूसरे को भारतीय हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देंगे। इसके साथ ही मोबाइल और अन्य माध्यमों से भी नव वर्ष की बधाई संदेश भेजे जाएंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, उमेश चंद्र वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, शाह आलम मंसूरी, विपुल महाजन, चिंटू शर्मा, पहलाद लोधी और उपेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किसी की मजहबी आजादी में दखल देना ठीक नहीं : बर्क

**संभल, अमृत विचार :** नमाज पर रोक के प्रशासनिक आदेश को लेकर हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि देश का संविधान हर नागरिक को अपनी मज़हबी आज़ादी के साथ इबादत करने का पूरा अधिकार देता है। किसी भी अधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि वह लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता में दखल दे या इबादत पर रोक लगाने जैसा कदम उठाए। सांसद ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति कानून-व्यवस्था बनाए रखने, शांति कायम रखने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होती है। लेकिन अगर कोई अधिकारी यह कहे कि इतने लोग नमाज़ नहीं पढ़ सकते, या इबादत के अधिकार पर किसी प्रकार की पाबंदी लगाए, तो यह न केवल अनुचित है बल्कि संविधान से मिले मूल अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला इस बात को साफ तौर पर सामने लाता है कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को मनमाने ढंग से सीमित नहीं किया जा सकता। मज़हबी आज़ादी हर नागरिक का मूल अधिकार है और इसमें अनावश्यक हस्तक्षेप किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बर्क ने कहा कि अदालत का यह निर्णय उन सभी अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है जो अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर धार्मिक मामलों में दखल देने की कोशिश करते हैं। जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि यह फैसला केवल संभल तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है।

### ईद और नवरात्र को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**चंदौसी, अमृत विचार :** आगामी ईद और नवरात्र को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक ए.के. तोमर ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार ईद की नमाज सड़कों पर नहीं पढ़ी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में शाह आलम मंसूरी ने ईदगाह पर नमाजियों के लिए साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग उठाई और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने नवरात्र और राम नवमी के जुलूस तथा रामबाग मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, महिला पुलिस तैनाती और सीसीटीवी लगाने की मांग की। बैठक में रियाज अहमद, नवाकांत शर्मा, सलीम सैफी, मोहित डूडेजा, देवेंद्र सिंह चौहान, अहमद रईस अहमद, सुभाष सुंदर गिरी महाराज, सुनील सागर और चेतन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

**खेती-किसानी** | संभल के किसानों का बढ़ा रुझान, मेड़ों पर पौधे लगाकर भविष्य बेहतर करने में जुटे

## अतिरिक्त आय के लिए किसान खेतों में लगा रहे महोगनी

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** पारंपरिक खेती के साथ अतिरिक्त आय के नए साधन तलाश रहे किसानों का रुझान अब महोगनी के पेड़ों की ओर बढ़ रहा है। जनपद के कई गांवों में किसान खेत की मेड़ों पर महोगनी के पौधे लगा रहे हैं। कम जगह में दीर्घकालिक लाभ की संभावना के चलते महोगनी किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है।

गौहत निवासी युवा किसान जगतवीर ने भी पारंपरिक खेती के साथ महोगनी को अतिरिक्त आय के साधन के रूप में अपनाया है। जगतवीर ने अपने 12 बीघा खेत में सूरजमुखी के साथ-साथ मेड़ों पर महोगनी के पौधे लगाए। जगतवीर ने बताया कि पहले वह गेहूं, धान और मक्का जैसी पारंपरिक खेती करते थे, लेकिन बदलते समय में खेती से बेहतर लाभ लेने के लिए उन्होंने कुछ नया करने की सोची। उनके मित्र जसवीर ने उन्हें महोगनी के पौधे लगाने की सलाह दी। इसके बाद मध्यप्रदेश की संस्था ध्यानम एग्री साइंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से उन्हें पौधे उपलब्ध कराए गए। उन्होंने बताया कि फिलहाल खेत की मेड़ों पर 250 महोगनी के पौधे लगाए गए हैं और तीन माह बाद 250 और पौधे मिलने हैं। सभी पौधे मेड़ों पर ही लगाए जाएंगे, ताकि मुख्य फसल प्रभावित न हो । संस्था की ओर से प्रति पौधा 130 रुपये के हिसाब से दिए गए हैं। संस्था से जुड़े ऋषि सिंह ने बताया कि संभल के मूसापुर, चंदावली, नियावली, गौहत और परियावली समेत आधा दर्जन गांवों में किसान फरवरी और मार्च माह के दौरान अब तक 8 से 9 हजार महोगनी के पौधे लगा चुके हैं। उनका कहना है कि अब किसान केवल मौसमी फसलों पर निर्भर नहीं रहना चाहते, बल्कि ऐसी खेती की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सके।


गौहत गांव में खेत की मेड़ पर लगाए महोगनी के पौधे दिखाते जगतवीर।

#### 10 से 12 साल में तैयार हो जाता है पेड़

**सौंधन, अमृत विचार :** ऋषि सिंह के मुताबिक महोगनी का पेड़ सामान्यत: 10 से 12 वर्षों में पूरी तरह तैयार हो जाता है, जबकि 8 वर्ष में भी यह उपयोगी हो जाता है। बाजार में एक पेड़ की कीमत 20 से 25 हजार रुपये तक मिल सकती है। वहीं विदेशों में इसकी कीमत 40 से 50 हजार रुपये तक पहुंचने की संभावना जताई जाती है। यही कारण है कि महोगनी को किसान लंबे समय के निवेश के रूप में देख रहे हैं।

#### जहाज से लेकर बंदूक की बट तक में होता है इस्तेमाल

महोगनी की लकड़ी मजबूत और टिकाऊ मानी जाती है। इसका उपयोग पानी के जहाज, बंदूक के बट, गिटार, हारमोनियम और दरवाजे बनाने में किया जाता है। भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में मकान निर्माण में इसकी लकड़ी उपयोगी मानी जाती है। 4 से 5 वर्ष बाद पेड़ में फल लगना शुरू हो जाता है, जिनके बीज बाजार में बिकते हैं। पत्तियों का उपयोग भी देसी दवाइयों में किया जाता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान पारंपरिक खेती के साथ मेड़ों पर वाणिज्यिक पौधरोपण करें, तो इससे उनकी आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हो सकते हैं। संभल जिले में महोगनी के प्रति बढ़ता आकर्षण इसी सोच का परिणाम माना जा रहा है।

